● वर्ष 4
● अंक 73
रायपुर, सोमवार
4 नवंबर 2024
● पृष्ठ-8
● मूल्य-3 रु.

।। संगच्छध्वम् संवदध्वम् ।।

# समाचार पचीसा

राजनीति का जनपक्षकार


samacharpacheesa@gmail.com



पेज-6›› दीपोत्सव पर्व मे मां लक्ष्मी व...

## नया रायपुर में 4 से 6 नवम्बर तक राज्योत्सव का होगा भव्य आयोजन

*मप्र के मुख्यमंत्री यादव होंगे उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि* | *उप राष्ट्रपति धनखड़ राज्य अलंकरण एवं समापन समारोह में शामिल*



**● ख्याति प्राप्त कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति**
**● शासकीय विभागों द्वारा लगाई जाएगी विकास प्रदर्शनी**
**● शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार रहेगा आकर्षण का केन्द्र**

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी है। तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक राज्योत्सव स्थल, नया रायपुर अटल नगर में होगा। राज्योत्सव स्थल में मुख्य मंच से लेकर पूरे परिसर की साज-सज्जा का काम तेजी से कराया जा रहा है। शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाने की तैयारी में जुटे हैं। राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का उद्घाटन 4 नवम्बर को संध्या 6 बजे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्यपाल श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 5 नवम्बर को राज्योत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन 6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री वष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्योत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं श्री टंकराम वर्मा, नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्र कुमार साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 4 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संध्या 4.30 बजे से होगी। बालीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शांतुन मुखर्जी (शानु) की प्रस्तुति रात्रि 7.45 बजे से होगी। इससे पूर्व श्री रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा 12 लोक नृत्य की झलकियां, मोहन चौहान एवं साथी द्वारा आदिवृंदम, सुनील सोनी एवं टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह 5 नवम्बर को राज्योत्सव में संध्या 5 बजे से पुरानिक साहू द्वारा सांस्कृतिक लहर गंगा, सुरेन्द्र साहू, भोला यादव एवं साथियों द्वारा लोक धुन, मोहन नायडू एवं साथियों द्वारा द मून लाईट रागा, राजेश अवस्थी, सुश्री आरू साहू एवं सुश्री नीति मोहन की प्रस्तुति होगी। 6 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत श्री अनुराग शर्मा द्वारा अनुराग स्टार नाईट, मनोज प्रसाद द्वारा इंडियाज गॉट टैलेंट मल्लखंभ, सवि श्रीवास्तव द्वारा जादू बस्तर एवं पवनदीप एवं अरूनिता के पार्श्व गायन की प्रस्तुति होगी। राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहां शिल्प ग्राम बनाया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ के विविध शिल्प प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। राज्योत्सव स्थल परिसर में शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के लिए विशाल हैंगर (डोम) बनाए गए हैं। हैंगर-एक एवं दो में शासकीय विभागों के स्टॉल लगेंगे, जबकि हैंगर-तीन में वाणिज्यिक संस्थान अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। हैंगर-चार में पब्लिक सेक्टर के संस्थानों की प्रदर्शनी लगेगी। राज्योत्सव में शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार आम लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होंगे।

## एक साथ उठी 7 लोगों की अर्थी



**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लरिमा निवासी पति-पत्नी व बेटी समेत 8 लोगों की शनिवार की रात सडक् हादसे में हुई मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। रविवार की शाम करीब 4 बजे एक साथ 7 लोगों की अर्थी उठी। यह नजारा देख पूरा गांव रो पड़ा। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा समेत प्रशासनिक व पुलिस अमला भी शामिल हुआ। सांसद व विधायक ने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

दरअसल ग्राम लरिमा निवासी संजय मुंडा पिता वासुदेव 33 वर्ष अपनी शिक्षिका पत्नी चंद्रावती 30 वर्ष व बेटी कृति 5 वर्ष के साथ सूरजपुर में किराए के मकान में रहता था। पत्नी सूरजपुर के बाजारपारा स्थित प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका थी। 30 अक्टूबर को वह पत्नी व बेटी के साथ गांव में दिवाली मनाने आया था। दिवाली मनाने के बाद 2 नवंबर को वह गांव में आयोजित गोवर्धन पूजा में शामिल हुआ था। रात में उसने अपनी पत्नी व बेटी के साथ सूरजपुर जाने कुसमी के ही लाइनपारा निवासी रवि सोनवानी की स्कॉर्पियो बुक की थी। ड्राइवर ग्राम करकली निवासी मुकेश दास वाहन लेकर ग्राम लरिमा गांव पहुंचा था।

यहां से संजय मुंडा अपनी पत्नी चंद्रावती व बेटी कृति के साथ सवार हुआ। साथ में संजय के 4 दोस्त गांव के ही उदयनाथ पिता रामेश्वर 25 वर्ष, मंगल दास पिता घनश्याम मुंडा, भूपेंद्र पिता हरिलाल व अनिल उर्फ बालेश्वर 18 वर्ष भी स्कॉर्पियो में सवार हो गए।

### मुख्यमंत्री ने संवेदना व्यक्त की

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ घायलों के उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

## ड्यूटी पर तैनात जवानों पर नक्सलियों ने किया हमला, दो जवान घायल

**सुकमा।** सुकमा जिले में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा जवानों पर नक्सलियों ने अचानक हमला कर दिया. इस फायरिंग में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, यह घटना आज सुबह उस समय हुई जब जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में जवान ड्यूटी पर तैनात थे. नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने इस हमले को अंजाम दिया है. इस हमले के बाद बाजार में अफरा तफरी मच गई, और पुलिस ने इलाके को घेर लिया है. इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है. फिलहाल, घायल जवानों का जगरगुंडा अस्पताल में इलाज जारी है. घायल जवानों के नाम करतम देवा और सोढ़ी कन्ना हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. रिपोर्ट्स के अनुसार, नक्सलियों ने दोनों जवानों से हथियार भी लूट लिए हैं.

## टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के निकट बाजार ग्रेनेड हमला, पांच घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर में टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के निकट भीड़-भाड़ वाले एक बाजार में रविवार को ग्रेनेड हमला हुआ, जिसमें 11 लोगों के घायल होने की खबर है। सुरक्षा बल और चिकित्सा दल घटनास्थल पर मौजूद हैं। घायलों को इलाज के लिए एसएचएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारी सुरक्षा वाले टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के पास हुए इस हमले से इलाके में दहशत फैल गई है।

**प्रमुख समाचार**

## प्रधानमंत्री मोदी आज झारखंड में दो रैलियों को संबोधित करेंगे



**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को चुनावी राज्य झारखंड में दो रैलियों को संबोधित करेंगे। वह चाईबासा और गढ़वा में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, ''प्रधानमंत्री मोदी पूर्वाह्न करीब 11 बजे बिहार के गया हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और गढ़वा में एक रैली को संबोधित करने के लिए हेलीकॉप्टर से जाएंगे।'' उन्होंने बताया कि गढ़वा में रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री रांची आएंगे और वहां से वह चाईबासा जाएंगे, जहां अपराह्न करीब ढाई बजे उनका एक और रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है। पिछले सप्ताह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि प्रधानमंत्री के दौरे के लिए सभी इंतजाम कर लिए गए हैं। चौहान झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी भी हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर और 20 नवंबर को होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां तीन राजनीतिक रैलियों को संबोधित किया और भाजपा का चुनाव घोषणापत्र जारी किया।

## राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए किया प्रचार



**वायनाड।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा उपचुनाव के लिए रविवार को वायनाड के मनंतवाडी में अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने मनंतवाडी की जनता को भरोसा दिलाया कि प्रियंका उनके लिए सबसे अच्छी सांसद साबित होगी। राहुल ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि वह मेरी बहन है और अब आप सभी भी भाग्यशाली होंगे। वह आपकी बहन की तरह, आपकी मां की तरह, आपकी बेटी की तरह होंगी। मुझे पूरा भरोसा है कि आपको सबसे बेहतरीन सांसद मिलने जा रहा है। अपने संबोधन को शुरू करते हुए राहुल गांधी ने कहा, यह पहली बार है कि मैं अपनी बहन के लिए प्रचार करने के लिए किसी मीटिंग में आया हूं। मेरे पहले चुनाव के दौरान, मेरी बहन ने मेरे लिए प्रचार किया था और तब से वह ऐसा कर रही है। उसने हमारी मां के लिए प्रचार किया। उसने हमारे पिता के लिए भी प्रचार किया। वह हमेशा से ही प्रचारक रही है और अब तक कभी चुनाव में खड़ी नहीं हुई। यह उसके बारे में बहुत कुछ बताता है। जनता को प्रियंका गांधी की खूबिया बताते हुए राहुल ने कहा, मेरी बहन एक अलग स्तर पर सोचती है।

## हेमंत सोरेन के चुनाव प्रस्तावक मंडल मुर्मू भाजपा में शामिल




**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहैत विधानसभा क्षेत्र से नामांकन के प्रस्तावकों में से एक मंडल मुर्मू भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पार्टी नेताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। वर्ष 1855 में संथाल विद्रोह का नेतृत्व करने वाले सिदो-कान्हू के वंशज मुर्मू रविवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में देवघर में पार्टी में शामिल हुए। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'सिदो-कान्हू के वंशज एवं हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू भाजपा परिवार के सदस्य बन गए।'' उन्होंने कहा, ''झारखंड की मौजूदा सरकार की गलत नीतियों के कारण आदिवासी समाज की संस्कृति खतरे में है, इसलिए समाज का हर वर्ग आज भाजपा से जुड़ रहा है।'' भाजपा ने बरहैत में सोरेन के खिलाफ गमलियल हेम्ब्रम को मैदान में उतारा है। साहिबगंज जिले के बरहैत (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र के मौजूदा विधायक सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के साइमन मालटो को 25,740 मतों के अंतर से हराया था।

## जम्मू-कश्मीर में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए सुनील शर्मा



**श्रीनगर।** पूर्व मंत्री सुनील शर्मा को रविवार को जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल का नेता चुना गया। किश्तवाड़ जिले के पद्दर नागसेनी से विधायक शर्मा का जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष का नेता बनना तय है। भाजपा के एक प्रवक्ता ने यहां विधायक दल की बैठक के बाद कहा, सुनील शर्मा को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। वह विधानसभा में विपक्ष के नेता होंगे। जम्मू कश्मीर विधानसभा में भाजपा नेता शर्मा (47) का यह दूसरा कार्यकाल होगा। शर्मा ने केंद्र शासित प्रदेश में 2022 के परिसीमन प्रक्रिया के बाद नव गठित निर्वाचन क्षेत्र पद्दर नागसेनी से मामूली अंतर से जीत हासिल की। शर्मा 2014 से 2018 तक पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)-भाजपा गठबंधन सरकार में राज्य मंत्री थे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नरिंदर सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए पार्टी के उम्मीदवार होंगे। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद, शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी देने के लिए वह पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के आभारी हैं।

## झारखंड विस चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इस अवसर पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संजय सेठ और झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शाह के साथ मौजूद थे। भाजपा के संकल्प पत्र में झारखंड के गठन के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 25 प्रमुख संकल्पों पर जोर दिया गया है। झारखंड की जनता के लिए घोषणाएं करते हुए गृह मंत्री ने कहा, हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे। भाजपा झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए कानून लाएगी। भाजपा, झारखंड की माताओं-बहनों को गोगो दीदी योजना के माध्यम से प्रतिमाह 11 तारीख को 2,100 रुपया देगी। दीपावली और रक्षाबंधन पर एक एक गैस सिलिंडर मुफ्त देंगे और गैस का सिलिंडर 500 रुपये की कीमत पर दिया जाएगा। हम झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखेंगे। गृह मंत्री ने कहा, 5 वर्ष के भीतर झारखंड के युवाओं के लिए 5 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे।

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव** ▶ **उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से**

## सदी के सबसे निर्णायक अमेरिकी चुनाव

**शिवकांत**

अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव उसके विश्वव्यापी आर्थिक, सामरिक और राजनयिक प्रभाव की वजह से पूरी दुनिया के लिए महत्व रखता है। लेकिन इस बार के चुनाव को अमेरिका के लिए भी सदी का सबसे महत्वपूर्ण चुनाव समझा जा रहा है। इस चुनाव में विश्व मंच पर अमेरिका की भूमिका और उसकी साख के साथ-साथ अमेरिकी नागरिकों के मौलिक अधिकार और लोकतंत्र भी दांव पर हैं। राष्ट्रपति चुनाव के साथ-साथ अमेरिकी संसद के आम सदन प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और प्रवर सदन या सीनेट की एक-तिहाई सीटों के लिए भी चुनाव हो रहे हैं। विजेता की पार्टी को दोनों सदनों में भी बहुमत हासिल करना होगा, जिसके बिना सरकार चलाना चुनौती साबित होगा। सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से है। पार्टी ने उन्हें राष्ट्रपति बाइडेन के दौड़ से हटने के कारण उम्मीदवार बनाया है। अगर कमला हैरिस जीतती हैं, तो वे अमेरिकी इतिहास की पहली भारत-अफ्रीकी मूल की महिला राष्ट्रपति बनेंगी। वहां के लगभग 45 लाख भारतवंशियों में इसे लेकर खासा उत्साह है। यह देखते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने भी ओहायो राज्य के सीनेटर जेडी वांस को अपना उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है क्योंकि उनकी पत्नी ऊषा वांस भारतीय मूल के तेलुगु परिवार की हैं। भारतवंशियों में डेमोक्रेटिक समर्थक रिपब्लिकन पार्टी से लगभग दोगुना रहे हैं। पर भारत में मोदी सरकार आने और ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मधुर संबंधों के कारण अब रिपब्लिकन पार्टी समर्थकों की संख्या बढ़ने लगी है। एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार 61 प्रतिशत भारतवंशियों ने कमला हैरिस को और 32 प्रतिशत ने ट्रंप को वोट देने की इच्छा जाहिर की है। वे मतदान में भी राष्ट्रीय औसत से अधिक संख्या में हिस्सा लेते हैं। इसलिए पेंसिलवेनिया, मिशिगन और जॉर्जिया जैसे कुछ निर्णायक राज्यों में भारतवंशियों का वोट भी निर्णायक साबित हो सकता है। हैरिस और ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। सितंबर की टीवी डिबेट में ट्रंप को हराने के बाद उन्होंने जैसी बढ़त हासिल की थी, उसे देखकर कोई यह अनुमान नहीं लगा सकता था कि राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत के हिसाब से ट्रंप उनसे आगे निकल जायेंगे। राष्ट्रपति बनने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बहुमत हासिल करना जरूरी नहीं होता। राज्यों में बहुमत पाना होता है। क्योंकि राज्यों द्वारा चुने गये निर्वाचक ही राष्ट्रपति चुनते हैं।



निर्वाचकों की संख्या राज्यों की आबादी के अनुपात से तय होती है और जो उम्मीदवार जिस राज्य में बहुमत हासिल करता है, उसे उस राज्य के सारे निर्वाचकों का समर्थन मिल जाता है। इस चुनाव में ट्रंप राष्ट्रीय बहुमत के सर्वेक्षणों में तो कमला हैरिस से आगे हैं ही, उन सात राज्यों में से पांच में भी आगे चल रहे हैं, जिनमें अधिकतर को जीते बिना चुनाव नहीं जीता जा सकता। अमेरिका में अग्रिम वोटिंग की भी व्यवस्था है। लोग चुनावी तारीख से हफ्तों पहले चुनाव केंद्रों में जाकर या डाक द्वारा वोट डाल सकते हैं। अभी तक करीब 7.5 करोड़ लोग मतदान कर चुके हैं यानी लगभग एक-तिहाई मतदान पूरा हो चुका है। आम तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी समर्थक अधिक संख्या में अग्रिम मतदान करते हैं, पर इस बार रिपब्लिकन वोटरों की संख्या अधिक है। यह हैरिस के लिए चिंता की बात है। दिलचस्प बात यह भी है कि सट्टा बाजार में ट्रंप 23 से 30 प्रतिशत के अंतर से आगे चल रहे हैं। इसीलिए वे अपनी रैलियों में दावा करते हैं कि यदि चुनाव निष्पक्ष हुआ, तो उनकी जीत को रोका नहीं जा सकता। चुनावी सर्वेक्षण और सट्टा बाजार के अनुमान गलत हो सकते हैं। साल 2016 का चुनाव इसका उदाहरण है। पर हैरिस की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे सत्ता में हैं और बाइडेन सरकार का हिस्सा हैं। पिछले 76 वर्षों से कोई सत्ताधारी उम्मीदवार राष्ट्रपति की स्वीकार्यता 50 प्रतिशत से कम रहते हुए चुनाव नहीं जीत पाया है। बाइडेन की स्वीकार्यता मात्र 39 प्रतिशत है, तो हैरिस की 45 प्रतिशत। इसलिए यदि चुनावी सर्वेक्षण सही साबित हुए और ट्रंप यह चुनाव जीत गये, तो चुनावी प्रक्रिया और अमेरिकी लोकतंत्र की लाज बच सकती है। पर यदि कमला हैरिस मामूली अंतर से जीतीं, तो बार-बार गिनती कराने और अदालती दांव-पेंच के कारण परिणाम घोषित होने में देरी हो सकती है। यह बात लगभग तय है कि ट्रंप हार मानने से इंकार करेंगे और सर्वेक्षणों और सट्टा बाजार का हवाला देते हुए धांधली और जालसाजी के आरोप लगायेंगे। निर्वाचकों को लुभाने और डराने-धमकाने की कोशिशें भी हो सकती हैं, जिससे अमेरिकी चुनाव प्रणाली और लोकतंत्र की जगहंसाई होगी। सुरक्षा प्रबंध किये गये हैं, फिर भी ट्रंप समर्थकों के उपद्रवों की संभावना है।

पिछले पचास वर्षों में ऐसा कोई चुनाव नहीं हुआ, जिसमें दोनों उम्मीदवारों की नीतियों में ऐसा जमीन-आसमान का अंतर रहा हो। कमला हैरिस औरतों को उनके शरीर की स्वायत्तता दिलाने, नागरिकों का मताधिकार सुनिश्चित करने और दवाओं एवं घरों की कीमतें घटा कर उन्हें रोगियों और बेघरों की पहुंच में लाने की बात करती हैं। ट्रंप गर्भपात विरोधी कानून कड़े करने, घुसपैठियों को देश से निकालने, आयकर घटाने और आयात शुल्क बढ़ाने की बात करते हैं। हैरिस ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने की बात करती हैं, जिसमें सबके लिए अवसर हों, जबकि ट्रंप संरक्षण की दीवार खड़ी कर उद्योग लौटाने की बात करते हैं। वे न यूक्रेन की सहायता जारी रखना चाहते हैं, न संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन की। जलवायु परिवर्तन को वे झांसा मानते हैं और नाटो समेत ऐसे किसी वैश्विक संगठन या संस्था में योगदान नहीं करना चाहते, जिससे अमेरिका को सीधा लाभ न होता हो। इसके विपरीत हैरिस अमेरिका के सारे दायित्वों के निभाते हुए वैश्विक संबंधों में स्थिरता और संस्थाओं में सुधार की बाइडेन सरकार की नीतियों को जारी रखना चाहती हैं।

जहां तक भारत का सवाल है, अमेरिका के साथ उसके संबंध उस दौर में पहुंच चुके हैं, जहां ट्रंप या हैरिस के आने से कोई विशेष फर्क पड़ने की संभावना नहीं है। ट्रंप सरकार भारत के पेशेवरों के लिए वीजा और माल के लिए अमेरिकी बाजारों में प्रवेश के रास्ते में मुश्किलें खड़ी कर सकती है। डेमोक्रेटिक पार्टी में वामपंथी गुट की प्रमीला जयपाल, इलहान उमर और रशीदा तायब जैसे सांसद भारत की आलोचना करने में मुखर हैं। इसलिए कमला हैरिस की सरकार वैचारिक स्वतंत्रता के नाम पर खालिस्तानी कट्टरपंथियों को प्रश्रय देते हुए मानवाधिकारों, अल्पसंख्यकों और नागरिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर नैतिक सवाल खड़े कर सकती है।

# 8 कार्यपालकों को दी गई भावभीनी विदाई





**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के खदान विभाग सहित विभिन्न विभागों में पदस्थ आठ कार्यपालक 31 अक्टूबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गए।

सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन 02 नवंबर 2024 को इस्पात भवन स्थित निदेषक प्रभारी सभागार में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों ने सेल में अपने सेवा अनुभव और सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की योजनाओं को भी साझा किया। अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल हैं-श्री तरुण कनरार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सीओ एंड सीसीडी), डॉ मीनाक्षी दवे, एसीएमओ (एम एंड एचएस), श्रीमती अनुराधा सिंह, महाप्रबंधक (एचआर), श्री वी अनिल कुमार, उप महाप्रबंधक (ईडीडी), श्री अजय कुशवाहा, उप महाप्रबंधक (ओएचपी), श्री सतीश कुमार पंचांगम, सहायक महाप्रबंधक (आरएसएम), श्री दीपक कुमार नायक, सहायक महाप्रबंधक (परियोजनाएं), श्री जुगल किशोर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (एसएमएस-2) शामिल हैं।

# बिलासपुर हाईकोर्ट ने शारदा पारा आवासीय योजना के पक्ष में निर्णय दिया

**भिलाई।** छत्तीसगढ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने जानकारी दिया है कि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) द्वारा सन् 1977 में शारदापारा आवासीय योजना के तहत् गरीब एंव कम आय के लोगों के लिए 450 वर्ग फुट भूखंड 4 सेक्टरों के माध्यम से 1269 भूखंड बनाया गया था जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र एवं निजी उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों एवं छोटे-छोटे व्यवसायियों से आवेदन लेकर भूखंड रजिस्टेऊशन करवाया था भूखंडधारीयों को बिजली, पानी, नाली, सडक हितग्राहियों को उपलब्ध कराने का आश्वसन भी दिया था लेकिन भूखंड धारियों को



मूलभूत सुविधा एवं भूखंडों का सीमाकंन नहीं करने के कारण भूखंडधारियों ने मकान बनाने का कार्य प्रारंभ नहीं किया था जबकि सन् 2004 में समाचार पत्रों के माध्यम से हितग्राहियों को जानकारी दिया राज्य शासन एवं भिलाई नगर निगम द्वारा उक्त योजना के स्थान पर अन्य योजना बनाने जा रही है जबकि अधिकांश लोगों ने प्रीमियम की राशि देकर भूखंड रजिस्ट्रेश करवा लिया था समाचार को पढने के पश्चात प्रीमियम की राशि जमा किये भूखंडधारियों को मजबूर होकर बिलासपुर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पडा जबकि बिलासपुर हाईकोर्ट के विद्धान न्यायाधीश जी ने हितग्राहियों के पक्ष में निर्णय देकर नगर निगम भिलाई को आदेश किया कि तत्काल मूलभूत सुविधाएं पानी, बिजली, नाली, सडक कि व्यवस्था कर भूखंडों का नवीनीकरण करें लेकिन नगर निगम भिलाई द्वारा बिलासपुर हाईकोर्ट के निर्णय के बावजूद भूखंडधारियों को नवीनकरण मूलभूत सुविधा पानी बिजली, सडक, नाली एवं भूखंडों का सीमाकंन आजतक नहीं किया गया इसलिए पुनः भूखंडधारि मजबूर होकर हितग्राहियों को पुनः बिलासपुर हाईकोर्ट जाना पडा भूखंड धारी 1. रामसिया गुप्ता, 2. देवनाथ मिश्रा 3. भोजराज, 4. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने बिलासपुर हाईकोर्ट के विद्धवान न्यायाधीश श्री बीभू दत्त गुरू जी ने दिनांक 15.10.2024 को नगर पालिक निगम भिलाई एवं नगरीय प्रशासन विभाग के सेकेटरी को आदेश दृिया कि निर्णय की प्रतिलिपि मिलने के 2 महीने के अन्दर हितग्राहियों द्वारा मांगी गई मुलभूत सुविधा एवं पट्टे का नवीनीकरण करने का निर्देश दिया है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली गई एकता की शपथ



**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में आज राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री अरविंद एक्का ने विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों को भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया है कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। इसी प्रकार जिला मुख्यालय के सभी कार्यालयों में भी अधिकारी/कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

# बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा मेगा क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाई।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के लिए विगत दिनों बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सहयोग से विजिलेंस-क्वेस्ट-2024 नामक मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री हिमांशु दवे ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और प्रतियोगिता के संबंध में आवष्यक जानकारी देते हुए दर्शकों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सतर्कता विभाग द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजनों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ज्ञान, त्वरित सोच और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। विजिलेंस-क्वेस्ट-2024 प्रतियोगिता में वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर-आईआर/ सीएलसी) श्री निवेश विजयन और एए (एचआर-आईआर/ सीएलसी) श्री के वेंकट प्रसाद राव की टीम विजेता रही। वरिष्ठ प्रबंधक (आरसीएल) सुश्री सोनल श्रीवास्तव और जेईसी (आरसीएल) सुश्री प्रीति रावत की टीम ने द्वितीय स्थान तथा सहायक महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) श्री उमेश साहू और जेईए (एमएआरएस-1) श्री रंजन गोस्वामी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता को सभी की शानदार प्रतिक्रिया मिली। प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में 20 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 6 टीमों को अंतिम दौर के लिए चुना गया। कार्यपालक एवं गैर-कार्यपालक दोनों की संयुक्त टीमों के रूप में भागीदारी को सुविधाजनक बनाते हुए प्रतियोगिता को तैयार किया गया था। इस कार्यक्रम के क्विज मास्टर सह निर्णायक सहायक महाप्रबंधक (एसपी-3) श्री विकास पिपरानी और सहायक महाप्रबंधक (टीएंडडी) श्री आशीष अग्रवाल ने सत्र का संचालन किया।

उल्लेखनीय है कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा संयंत्र के कर्मचारियों तथा आसपास के विभिन्न कॉलेजों और स्कूली छात्रों हेतु सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के तहत सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, भ्रष्टाचार के खतरों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग का एक अभिनव प्रयास है।

# राजहरा के नागरिकों ने उठाया नि :शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस अस्पताल में 01 नवम्बर 2024 को एक दिवसीय नि:शुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। षिविर में बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों और वरिष्ठ डॉक्टरों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय की चिकित्सा संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विशेषज्ञों की व्यवस्था, चिकित्सकीय देखभाल और उचित परामर्श उपलब्ध कराना है। इस षिविर के तहत परामर्शदाताओं द्वारा 300 से अधिक परामर्श प्रदान की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में शामिल टीम में डॉ नूतन वर्मा (शिशु रोग), डॉ इमैनुअल मैसी (हड्डी रोग), डॉ हिमानी गुप्ता (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ दीपाली गुप्ता (नेत्र रोग), डॉ धीरज शर्मा (सर्जरी), डॉ श्वेता वर्मा (ईएनटी), श्री दिग्विजय किशोर (फिजियोथेरेपिस्ट), श्रीमती रीता भटनागर, (आहार विशेषज्ञ), डॉ अक्षय, डीएनबी कंसल्टेंट (हड्डी रोग), डॉ जुली, डीएनबी कंसल्टेंट (प्रसूति एवं स्त्री रोग) ने एक दिवसीय चिकित्सा शिविर के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की। साथ ही इस षिविर में राजहरा माइंस अस्पताल से सीनियर कंसल्टेंट डॉ मनोज डहरवाल और उनकी टीम भी उपस्थित थी। व्यापक स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा सत्र भी शामिल थे, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और स्वस्थ जीवन शैली जीने के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में चिकित्सकों द्वारा विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई जिसके तहत डॉ श्वेता वर्मा ने मरीज के कान से कीड़े निकाले, डॉ धीरज शर्मा द्वारा फेड़ों पर चीरा लगाएं गए। एलएसआई सहित ऑर्थो प्रक्रियाएं भी इस षिविर में शामिल थीं। राजहरा माइंस अस्पताल में एक दिवसीय नि:शुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ कौशलेंद्र ठाकुर तथा डॉ सौरव मुखर्जी और राजहरा माइंस के मुख्य महाप्रबंधक श्री आर बी गहरवार के सहयोग से किया गया। इस षिविर को सफ्ल बनाने में सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डॉ मनोज डहरवाल तथा एचआर अधिकारी डॉ जय बघेल के समर्पित प्रयासों के साथ-साथ राजहरा माइंस अस्पताल के सहायक कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के समापन समारोह का आयोजन 02 नवम्बर 2024 को महात्मा गांधी कलामंदिर में किया गया। समारोह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और निर्णायकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) श्री बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) श्री के सी मिश्रा, सेफी चेयरमेन तथा ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव श्री परविंदर सिंह, महाप्रबंधक एवं एसीवीओ श्री सत्यब्रत कर सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसके साथ-साथ पुरस्कार विजेता स्कूल और कॉलेज के छात्र व विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागी भी मौजूद थे। समारोह की शुरुआत बीएसपी स्कूलों के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया तथा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इसके बाद समारोह का शुभारम्भ उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा, श्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाप्रबंधक एवं एसीवीओ श्री सत्यब्रत कर द्वारा स्वागत भाषण दिया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाष डाला।

कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार, ने अपने संबोधन में सतर्कता विभाग और बीएसपी बिरादरी को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 पर आधारित विभिन्न आंतरिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के सफ्लतापूर्वक आयोजन के लिए बधाई दी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए मूल्यों और मार्गदर्शक सिद्धांतों को और भी सुदृढ़ करने के उद्देष्य से समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है।

# लोकतंत्र के सेनानियों का योगदान याद किया समाजवादियों ने

**भिलाई।** आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति एवं जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान की ओर से भारतीय लोकतंत्र के सेनानियों पर केंद्रित विशेष परिचर्चा का आयोजन गुरुवार 31 अक्टूबर को किया गया। यह आयोजन समाजवाद के प्रमुख स्तंभ आचार्य नरेंद्र देव और देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती तथा देश की भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर रखा गया था। आयोजन की शुरुआत में आचार्य नरेंद्र देव, सरदार वल्लभभाई पटेल और श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए देश के प्रति उनके योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। आयोजक रमेश प्रसाद शर्मा ने कहा कि आज याद की जा रही तीनों विभूतियों ने देश में लोकतंत्र को पुष्पित-पल्लवित करने में अपना अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि दो-दो यूनिवर्सिटी के बारी-बारी से कुलपति रहे आचार्य नरेंद्र देव ने समाज के अंतिम तबके के लोगों के बारे में सोचा और देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के प्रथम गृह मंत्री के जन्मदिन पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरकारी स्तर पर आयोजित किया जाता है लेकिन मौजूदा सरकार में सबसे ज्यादा दुरूपयोग सतर्कता आयोग का हुआ है और विजिलेंस के होते हुए सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार बढ़ा है।

श्रीमती इंदिरा गांधी के बलिदान का स्मरण करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि एक साहसी महिला का देश के प्रति योगदान को जानबूझ कर किनारे करने की साजिश में कुछ लोग आज सफ्ल होते जरूर दिख रहे हैं लेकिन आने वाला समय इनकी कारगुजारियों का भी मूल्यांकन करेगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता जमील अहमद ने कहा कि अंग्रेजी शासन काल में जिस तरह देश ने एकजुटता के साथ आजादी की लड़ाई लड़ी अब वक्त आ गया है कि हम सब वैसे ही एकजुटता के साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने आगे आए। उन्होंने समाजवादी विचारधारा के प्रसार में आचार्य नरेंद्र देव के योगदान, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में सरदार पटेल और सुदृढ़ व सक्षम भारत के निर्माण में श्रीमती इंदिरा गांधी के योगदान का विशेष रूप से उल्लेख किया।

# अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में दीपावली उमंग उत्साह हर्षोल्लास के साथ मना





**भिलाई।** । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में कमलासनधारी, वैकुंठवासिनि श्री महालक्ष्मी जी के सृष्टि पर आगमन,रौशनी, खुशी, दीपों के महापर्व दीपावली को बड़े ही उमंग उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि दीपावली पर्व में हम सभी घर के कोने कोने की सफाई करते है,और दीपों से घर को सजाते है। ठीक इसी प्रकार मन में आने वाले व्यर्थ ,निगेटिव, निर्बल रूपी विचारों की सफाई कर दिव्य गुणों का आह्वान कर श्री महालक्ष्मी समान धन, धान्य,खुशी,सर्व के प्रति शुभकामनाओं रूपी अखुट खजानों से सदा संपन्न बनना है। पुराने दुख देने वाले संस्कारों की सफाई कर नए सुख देने वाले दिव्य गुणों की धारणा हो हमारे जीवन में। पीस ऑडिटोरियम की मनमोहक सजावट, बाबा के कमरे(मेडिटेशन रूम) के शांति के प्रकंपन,श्री महालक्ष्मी जी की विशाल रंगोली मानो सभी को कह रही हो कि अब धरा पर श्री लक्ष्मी नारायण के राज्य का आगमन होने वाला है। राजयोग सत्र पश्चात् ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी द्वारा परमात्म को भोग स्वीकार कराया गया। तपश्चात सभी ब्रह्माकुमारी दीदियों द्वारा दीपक जलाए गए। डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया,जिसमें सभी ब्रह्मवतसों ने भी साथ में उमंग उत्साह से दैवीय संस्कार मिलन की स्मृति में दीपावली पर्व की खुशियां मनाई।

## निधन
### श्रीमती वृजमती देवी



**भिलाई।** 75/29 नेहरू नगर पूर्व निवासी श्रीमती वृजमती देवी धर्मपत्नी स्व. रामाधार सिंह का निधन हो गया, वे 90 साल की थी, उनका अंतिम संस्कार 2 नवंबर को संध्या 4:30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। श्रीमती वृजमती देवी ट्रांसपोर्टर जनेश्वर सिंह, उमेश सिंह की मां व अमित सिंह, आनंद सिंह, एवं आदित्य सिंह की दादी थी।

## मंत्री टंकराम वर्मा 5 को राज्य स्थापना दिवस समारोह के सारंगढ़- बिलाईगढ़ में होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची राज्य शासन द्वारा जारी कर दी गई है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय सारंगढ़ में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## लखनलाल देवांगन 5 को राज्य स्थापना दिवस समारोह के कोरबा में होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय कोरबा के ओपन थियेटर घण्टाघर चौक में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## गौवंश के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का पर्व है गोवर्धन पूजा: बजाज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा पर अपने निवास में विधिवत पूजा अर्चना करके गायों को खिचड़ी खिलाई। उन्होंने कहा कि यह गौवंश के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का पर्व है। बजाज ने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक पर्व के पीछे प्रकृति के प्रति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य होता है। उन्होंने अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए लोगों से इस पावन पर्व को शांति व सदभाव से मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर गायों को सोहई बांधकर यादव समाज ने परंपरा का निर्वाह किया।



## राज्यपाल श्री रमेन डेका को ब्रम्हकुमारी बहनों ने भाई दूज का टीका लगाया

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से यहां राजभवन में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुलाकात कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और भाई दूज का टीका लगाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। बहनों ने राज्यपाल को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जापान एवं फिलिपींस में संचालित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रम्हाकुमारी सुश्री रजनी दीदी, इंदौर केंद्र की संचालिका सुश्री हेमलता, रायपुर केंद्र की संचालिका सुश्री सविता बहन सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024

# ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहकर ईवीएम कमीशनिंग प्रक्रिया के अवलोकन की अपील की**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कमांक 51-रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 नवंबर 2024 समय प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा, जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर के द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को दी जावेगी। मशीनों के कमीशनिंग का कार्य रायपुर में सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा । मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंच जाएंगे ।

इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम् रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा ।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 रायपुर नगर दक्षिण में निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन हेतु नियत तिथि व समय पर कमीशनिंग परिसर रायपुर सेजबहार में स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हो।



# प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है, मुख्यमंत्री-गृहमंत्री को हटाया जाए: बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रविवार को एक पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, जो राज्य में प्रशासन की लचर व्यवस्था को दर्शाता है। दीपावली के मात्र तीन दिनों में रायपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में 11 हत्याएं हो चुकी हैं, जिसमें रायपुर में 7 और भिलाई-दुर्ग जिलों में 4 हत्याएं शामिल हैं।

दीपक बैज ने राज्य की कानून व्यवस्था की तुलना बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध और हिंसा की स्थिति इन राज्यों से भी खराब हो गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य को अशांत करने में जुटी है और जातीय तनाव को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है।

**धार्मिक स्थलों पर हमले और बढ़ते अपराध-** दीपक बैज ने कहा कि धार्मिक स्थल भी अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं। दामाखेड़ा के कबीरपंथी आश्रम पर हाल ही में हुए हमले का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 50-60 उपद्रवियों ने आश्रम परिसर में आग लगाने का प्रयास किया। उन्होंने दावा किया कि आश्रम के मुख्य द्वार के पास जलता हुआ बम फेंका गया, जिसके बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

बैज ने यह भी आरोप लगाया कि बलौदाबाजार में धार्मिक स्थल पर हमला हुआ, लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बलरामपुर में एक थाने पर हुए हमले का भी जिक्र किया और कहा कि आम जनता का प्रशासन और पुलिस पर से भरोसा उठता जा रहा है।

**सरकार के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश और मांग-** दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर दबाव बनाया है। उन्होंने विधानसभा से लेकर सड़कों तक विरोध प्रदर्शन किया, मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया और कई बार पदयात्राएं निकालीं, लेकिन सरकार ने किसी भी विरोध या सुझाव को अनदेखा किया है।

उन्होंने मांग की कि प्रदेश की जनता की जान-माल की रक्षा में विफल सरकार के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को तत्काल पद से हटाया जाए। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला और प्रवक्ता सत्य प्रकाश सिंह भी उपस्थित थे।

# 50 बरस का सार्वजनिक जीवन सेवा में बिताया अब सम्मान में देशभर से जुटेगा ब्राह्मण समाज

**पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा के सम्मान में 8 नवंबर को जैनम मानस भवन में विप्र फाउंडेशन का लोक अभिनंदन समारोह**

**रायपुर।** सक्रिय राजनीति से संन्यास ले चुके पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा के सम्मान में 8 नवंबर को राजधानी में भव्य समारोह रखा गया है। इसमें सीएम विष्णुदेव साय, पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत देशभर से 100 प्रभावशाली ब्राह्मण शख्सियतें शिरकत करेंगी।

साथ में समाज के 55 से ज्यादा घटक भी यहां अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से क्षेत्र के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने सार्वजनिक जीवन के 50 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन (जोन 13) ने लोक अभिनंदन समारोह रखा है।

8 नवंबर को यह कार्यक्रम नवा रायपुर में एयरपोर्ट के सामने जैनम मानस भवन में होगा। इसकी शुरुआत 8 नवंबर शाम 6.00 बजे से होगी। इसमें विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा समेत समाज की कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी।

लोकाभिनंदन समारोह से से पहले फाउंडेशन द्वारा शर्मा की भव्य स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। सेवा को समर्पित श्री शर्मा के 50 बरस को यादगार बनाने के लिए देवपुरी में सत्यनारायण सेवाश्रम की नींव भी रखी जानी है।



इसका भूमिपूजन अगले ही दिन यानी 9 नवंबर को देवपुरी में किया जायेगा।

इस समारोह में भी सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के बड़े दिग्गज शिरकत करेंगे।

## आरबीआई 90वीं वर्षगांठ पर करेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर, (असं)।** भारतीय रिज़र्व बैंक इस वर्ष अपनी 90वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए बैंक देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में, आरबीआई विभिन्न विषयों में अध्ययनरत स्नातक छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जिसमें विभिन्न स्तरों पर आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। RBI90Quiz का स्नातक पूर्व छात्रों के लिए ऑनलाइन चरण 19-21 सितंबर 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें 3402 टीमों ने भाग लिया। RBI90Quiz का राज्य स्तर का राउंड 5 नवंबर 2024 को होटल बैबिलोन इंटरनेशनल, वीआईपी रोड, रायपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष 90 टीमें भाग लेंगी।

# खरगे ने भी मान ही लिया कि कांग्रेस के लोक-लुभावन वादे फर्जी है

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि झूठ बोलने और झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज यह सच्चाई स्वीकार कर ही ली कि उनकी पार्टी द्वारा किए गए तमाम लोक-लुभावन वादे फर्जी होते हैं। उन्होंने साय ने कहा कि कांग्रेस की नीति और नीयत, दोनों उसके वादों की तरह ही नकली होते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश की पिछली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में भी कोई वादा पूरा नहीं कर जनता के साथ विश्वासघात किया था। जनता ने काठ की उस हांडी को दुबारा नहीं चढ़ने दिया। कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता से आउट कर दिया। कांग्रेस जहाँ भी होती है, वह भरोसे का संकट पैदा कर देती है। विश्वास की हत्या करती है, जबकि भाजपा में 'मोदी गारंटी' का मतलब ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। हमारी भाजपा सरकार ने मात्र 10 महीने में मोदी की गारंटी के अनेक प्रमुख वादों को पूरा किया है। हमने जो कहा, उससे अधिक करने की कोशिश हमेशा की है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि खरगे ने कर्नाटक के संदर्भ में उतना ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें वाला बयान देकर कांग्रेस के चरित्र को उजागर किया है। खरगे ने कांग्रेस की ठगी को स्वीकार कर वस्तुस्थिति से देशवासियों को अवगत कराया है। खरगे को अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए परिवार विशेष का मोहरा बनने से अब इनकार कर देना चाहिये।



# बागेश्वर बाबा धीरेन्द्र शास्त्री से किरण सिंहदेव ने आशीर्वाद लिया

**रायपुर।** बागेश्वर बाबा धीरेन्द्र शास्त्री से किरण सिंहदेव ने आशीर्वाद लिया. बीजेपी अध्यक्ष ने एक्स पर बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास में गत रात्रि बागेश्वर बाबा पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. साथ ही उन्हें बस्तर आगमन हेतु निमंत्रण दिया. आज कवर्धा में बाबा बागेश्वर हेलीकॉप्टर से कवर्धा पहुंचे. वे सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से कवर्धा के न्यू पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुंचे. उसके बाद वहां से ग्राम राम्हेपुर के लिए रवाना हुए. उसके बाद वह आगे के कार्यक्रम में शामिल हुए. बता दें कि कवर्धा के बाद बाबा बागेश्वर महाराज का कांकेर जाएंगे. बाबा कवर्धा से कांकेर तक हेलीकॉप्टर से जाएंगे. बाबा पहाड़ी वाली भुवनेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे. उसके बाद वह कांकेर में विश्राम करेंगे. अगले दिन चार नवंबर को बाबा बागेश्वर रायपुर जाएंगे.

## प्रोफेसर भर्ती: आवेदन के लिए बचे है मात्र दो दिन

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (पीआरएसयू) में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 60 पदों पर भर्ती होना है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू है। अभ्यर्थी पांच नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। पिछले वर्ष सितंबर में पीआरएसयू अध्ययनशाला में शैक्षणिक पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। तब प्रोफेसर, एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर के 49 पद थे। नई निकली भर्ती में नए पद जोड़कर संशोधित विज्ञापन जारी किया गया है। पिछली बार भूगोल में भी एक पद के लिए भर्ती निकली थी, जिसे इस बार हटा दिया गया है। दूसरे विषयों में 12 नए पद जोड़े गए हैं। इस तरह कुल 60 पदों पर भर्ती होना है।

इसमें 10 प्रोफेसर 25 एसोसिएट प्रोफेसर और 25 असिस्टेंट प्रोफेसर के पद है। पिछली बार 24 विषयों में भर्ती निकली थी, इस बार 26 विषयों पर भर्ती हो रही है। इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि उनका आवेदन निर्धारित समय पर विश्वविद्यालय पहुंच जाए।

# बदला मौसम का मिजाज, अब सर्दी ने भी दी दस्तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मौसम का मिजाज बदल चुका है। दीपावली के साथ सर्दी में भी दस्तक दे दी है। रात के तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस गिरावट के साथ पर 20 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। सुबह हल्का कोहरा भी नजर आया। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन हो रहा है, जिसके कारण प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है । वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ रहने की सम्भावना है। यानी साफ है कि बिलासपुर संभाग में वर्षा की कोई संभावना फिलहाल नहीं है। मौसम विशेषज्ञ अब्दुल सिराज खान का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से अभी भी पर्याप्त मात्रा में नमी आ रही है। जिस वजह से रात के तापमान में गिरावट आई है वही दिन का तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर है। दिन और रात के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस का अंतर होने से स्वास्थ्य पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। ऐसे में बदलते मौसम में छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। सर्दी का मौसम स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी लाभदायक भी होता है। यही कारण है कि ठंड बढ़ने के साथ खेल मैदाने में खिलाड़ियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। दिवाली के बाद अब लोग टहलने भी निकलने लगे हैं। शनिवार की सुबह कई खेल मैदान में लोग टहलते नजर आए। मौसम विज्ञानों का यह भी कहना है कि आने वाले दिनों में सर्दी और बढ़ेगी। सुबह की धूप अच्छी लगने लगेगी। सूर्य की किरणों से आस की बूंदे चमकने लगेगी।


# रायपुर जेल में रेडियो पर गाना गाएंगे बंदी, देंगे प्रेरक संदेश, इसी महीने मुख्यमंत्री साय करेंगे शुभारंभ

**रायपुर।** रायपुर केंद्रीय जेल में इसी महीने से रेडियो स्टेशन संचालित होने लगेगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों से कराने की तैयारी जेल मुख्यालय कर रहा है। दरअसल जेल बंदियों के मनोरंजन और तनाव को दूर कर उनमें सकरात्मक बदलाव के लिए जेल प्रशासन ने रेडियो स्टेशन खोलने की पूरी तैयारी कर ली है। उमंग-तरंग के नाम से शुरू किए जाने वाले वाले इस रेडियो स्टेशन के लिए कैदियों को माइक, स्पीकर, केबल और समाचार पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। सुबह करीब 10 बजे से दोपहर दो बजे और शाम को चार से आठ बजे तक इसका संचालन करने की योजना बनाई गई है। रेडियो की शुरूआत सुबह सबसे पहले मशहूर फिल्म दो आंखें बारह हाथ के गीत, 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम' से शुरुआत होगी। इसके बाद देश-दुनिया में होने वाले प्रमुख समाचारों का वाचन और अन्य प्रोग्राम का आयोजन होगा। जल्द ही बंदी अपने साथियों के फरमाइशी गीतों को पेश करते नजर आएगे। जेल के अधिकारियों ने बताया कि इस रेडियो स्टेशन को तारों के जरिए सभी बैरकों से जोड़ा जाएगा ताकि जेल के भीतर हर कैदी इसे सुन सके। जेल प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि प्रसारित होने वाले सभी कार्यक्रमों की निगरानी की जाए, ताकि आपत्तिजनक भाषा या तनाव उत्पन्न करने वाले कार्यक्रमों पर रोक लगाई जा सके। बंदियों की प्रतिभा को निखारने एक मंच देने का यह जरिया है। यह रेडियो जेल के बाहर लाइव नहीं होगा। जेल में ऐसी प्रतिभा है,जो लोगों की कल्पना से परे है। हमारे यहां सिर्फ बेहतरीन गायक बंदी ही नहीं,बल्कि लेखक और भाषण कलाकार भी है। चैनल गायकों,संगीतकार और लेखकों को एक मंच देने के अलावा मनोवैज्ञानिक,कानूनी और स्वास्थ्य परामर्श कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य बंदियों को बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रशिक्षित करना और जेल से रिहाई के बाद उन्हे सामान्य जीवन में ढलने में मदद करना है। रेडिया जेल हर दिन सुबह-शाम को प्रसारित होगा। -अमित शांडिल्य, अधीक्षक, रायपुर केंद्रीय जेल। रेडियो की एक और खासियत यह होगी कि कैदी अपनी पसंद के गीतों की फरमाइश भी कर सकेंगे। विभिन्न त्योहारों और आयोजनों के दौरान विशेष कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। इसके लिए जेल के योग्य और प्रशिक्षित कैदियों की एक टीम तैयार की जा रही है, जो अपने हिसाब से कार्यक्रम तैयार करेगी। यह पहल रायपुर केंद्रीय जेल में की जा रही है, जहां कैदी मनोरंजन और शिक्षा के उद्देश्य से स्वयं रेडियो स्टेशन का संचालन करेंगे, जो उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त प्रयास साबित होगा। वर्ष 2021 से जगदलपुर केंद्रीय जेल में रेडियो स्टेशन संचालित होता आ रहा है। इसके बेहतर परिणाम सामने आने पर जेल प्रशासन ने रायपुर में भी इसे खोलने की योजना बनाई और जेल मुख्यालय से स्वीकृति मिलते ही सेटअप तैयार कर लिया गया।

# प्रदेश में दिवाली पर इस साल फूटे 7 करोड़ रुपए से ज्यादा के पटाखे, महंगा होने के बाद भी जमकर हुई खरीदारी

**रायपुर।** शहर के 150 स्थायी लाइसेंसी और विभिन्न स्थानों में 100 से ज्यादा अस्थायी दुकानों के साथ ही लाखेनगर स्थित हिंद स्पोर्टिंग मैदान में भी दुकानें खोली गई थी। इन दुकानों में दिवाली के पहले ही जमकर खरीदी शुरू हो गई थी। पटाखा कारोबारियों का कहना है कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा 20 फीसदी ज्यादा कारोबार हुई है।

हालांकि सालभर पटाखों की बिक्री होती है। लेकिन, दिवाली के समय शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों इसकी डिमांड ज्यादा होती है। इस बार पटाखे खरीदने गए लोग कम से कम एक से डेढ़ हजार रुपए खर्च करके लौटे। हालांकि, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अधिकांश कारोबारियों द्वारा इस बार ग्रीन पटाखे मंगवाए गए थे।



इसके बाद भी परंपरागत पटाखों की बिक्री भी हुई।

इस साल धमाके वाले पटाखों के स्थान पर अनार, चकरी, फुलझड़ी, रस्सी और कम आवाज वाले पटाखों की ज्यादा बिक्री हुई। वहीं महंगा होने के कारण रॉकेट, स्काई पटाखों की डिमांड महंगा होने के कारण कम रही। हालांकि पटाखों की रेंज में कोई ज्यादा बदलाव नहीं आया। लेकिन, पटाखों पर लगे हुए देवी-देवताओं के चित्रों का स्थान हीरो-हिरोइन और कार्टून वाले पटाखे बिके। बच्चों के टिकली पटाखा, रील के स्थान पर पॉप अप की डिमांड सर्वाधिक रही। बता दें कि रायपुर में लाखे नगर चौक स्थित हिंद स्पोर्टिंग मैदान में करीब 70 अस्थायी दुकानें लगी थी, जहां देर रात तक खरीदी होती रही। इस बार पिछले 4 साल की अपेक्षा पटाखों की खरीदी के चलते कारोबार में 20 फीसदी का ग्रोथ आया। हालांकि कारोबारियों के अनुमान से ज्यादा की इस बार पटाखे बिके। इसके चलते अधिकांश दुकानों में पटाखे ही नहीं थे। इसके चलते बड़े दुकानों में पटाखे का स्टॉक तक खत्म होने के कारण लोगों को भटकना तक पड़ा। रायपुर पटाखा एसोसिएशन सचिव, विनोद साहू ने बताया कि पटाखों की इस बार पिछले साल की अपेक्षा अच्छा कारोबार हुआ। थोक दुकानों से लेकर छोटे दुकानों में पटाखों को बिक्री हुई।

समाचार पचीसा
रायपुर, सोमवार 4 नवंबर 2024



## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे सांसद अग्रवाल

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव 2024 का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम 05 नवम्बर को गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के आसंदी से 05 नवम्बर की संध्या राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। एक दिवसीय राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी तथा हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा।

### उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया दीपक उत्सव का पर्व दीपावली



**नवापारा राजिम।** दीपो और प्रकाश का पर्व दीपावली अंचल भर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया धनतेरस से शुरू हुआ यह त्योहार आज भाई दूज के साथ समापन हो जाएगा शुक्रवार को घरों और अपने-अपने प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी पूजन कर धन ऐश्वर्य और सुख समृद्धि की कामना की इसके बाद पटाखे फुलझड़ी जलाकर दीपावली का त्योहार उल्लास पूर्वक मनाया गया इसी रात छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गौरा गौरी सुरहुती त्यौहार मनाया गया रात में शिव पार्वती की बारात निकल कर धूम धड़ाके से आतिशबाजी की नाचते गाते त्योहार का मजा लिया सुबह विसर्जन के पश्चात गोवर्धन पूजा मनाया गया यादवों द्वारा गौ माता को सोहई पहनाया गया । शाम को भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर में ठाकुर जी शालिग्राम को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन कर अनेक व्यंजनों के साथ छप्पन भोग लगाया गया। आज भाई दूज के साथ मातर महोत्सव मनाया जाएगा। हर साल के त्यौहार की तरह इस साल भी त्योहार के दौरान जुआ और शराब खोरों का बोल बाला रहा।

### भाजपा नेता के ड्राइवर पर जानलेवा हमला, अज्ञात लोगों ने मारपीट कर नाले में फेंका



**भटगांव।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष जालान के ड्राइवर विजय चौहान पर जानलेवा हमला हुआ है। कुछ लोगो ने मारपीट कर उसे नाले में फेक दिया। ग्रामीणों ने जब पीड़ित को नाले में पड़ा देखा तब अस्पताल में भर्ती कराया है। सरसीवा पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है। अब सरसीवां पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इस पूरे मामले में राजनीतिक षड्यंत्र होने की चर्चा जोरों पर चल रही है। लगातार सरसीवां थाना क्षेत्र चर्चा का विषय बनते जा रहा है। बीते दिन भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष जालान के खिलाफ भी एक महिला ने दुष्कर्म करने की शिकायत की थी, हालांकि इस शिकायत में कितनी सच्चाई है, यह जांच का विषय है। लेकिन लगातार क्षेत्र में मारपीट जैसे मामले सामने आ रहे हैं। जिस पर पुलिस को बड़ी और कड़ी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। ताकि अपराधियों पर लगाम लगाया जा सके।

**जांच के बाद लेंगे एक्शन: टीआई**-मारपीट के मामले में सरसीवा थाना प्रभारी राजेश चंद्रवंशी ने कहा कि, पीड़ित के परिजनों की शिकायत आई है, जिसमें मामला दर्ज किया जा रहा है। आगे आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अभी विजय चौहान की हालत ठीक है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### नन्हे मुन्ने बच्चों के संग मनाया दीपावली

**नवापारा राजिम।** मोहल्ले के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ वर्षों से मनाते आ रहे हैं दीपावली नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ दीपावली का आनंद ही अलग है। खुशियों की त्यौहार दीपों का पर्व दीपावली भगवान श्री राजीवलोचन की पवित्र नगरी राजिम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 1नवम्बर शुक्रवार को लक्ष्मी पूजा का पर्व मनाया गया है और सभी लोग अपने-अपने अंदाज में दीपावली पर्व मनाये हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का त्यौहार

**फिंगेश्वर।** भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व भाई दूज रविवार को फिंगेश्वर सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन लिया। दीपोत्सव के पांचवे दिन भाई दूज का पर्व मनाया जाता है।फिंगेश्वर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ भाई दूज मनाया गया। सुबह से ही भाई बहनों के घर पहुंचने लगे थे।घरों में उल्लास का माहौल रहा।दीपावली की खुशियों के बीच भाईयों के घर आगमन पर हर्ष का माहौल देखने को मिला।भाई दूज से जुड़ी विभिन्न मान्यताएं परिवेश के अनुसार भिन्न-भिन्न रीति-रिवाज भी हैं। ऐसा माना जाता है कि इस पर्व का प्रारंभ भगवान सूर्य के पुत्र-पुत्री यम-यमुना (भाई-बहन) के प्रेम से हुआ है। प्रत्येक पर्वो की तरह भाई दूज की भी अपनी पौराणिक मान्यता है।यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहते हैं अंचल में भी भाई दूज का पर्व के दिन लोगों में उत्साह दिखा। बाजारों में भी खासी चहल-पहल रही।मिठाइयों और गिफ्ट की दुकानों पर भी भारी भीड़ देखने को मिली।भाईबहन के प्यार का प्रतीक भाई दूज का पर्व रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान भाइयों के माथे टीकों से सजे दिखाई दिए। दिन भर भाइयों का अपने बहनों के यहां टीका लगाने के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। माथे पर टीका लगाते हुए बहनों ने अपने भाइयों की सलामती दीघार्यु की दुआ मांगी।

**बहन के घर भोजन करने का महत्व**- मान्यता है कि यमुना ने भाई यम का इतने अच्छे से स्वागत किया कि भाई यम ने उसे खुश होकर वरदान मांगने के लिए कहा।



वरदान में यमुना ने अपने भाई से कहा कि हर साल आप इस दिन मेरे घर आना। इसी को देख हर भाई-बहन ने भाई दूज को मनाना शुरू किया। हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन भाई अपनी बहन के घर जाकर टीका लगवाने लगे। इस दिन सभी बहनें अपने भाईयों की लंबी उम्र के लिए कामना करती हैं/मान्यता है कि यदि कोई भाई बहन के घर जाकर भोजन करता है तो वह अकाल मृत्यु से बच सकता हैं।

## मंदिरों में की पूजा

भाई बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। बाजार में महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की। मंदिरों में इस मौके पर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए तांता लगा रहा। धनतेरस, छोटी दीपावली, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के साथ ही दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया।

## बाजारों में दिखी रौनक

भाई दूज पर बाजारों में खासी भीड़ देखी गई विशेषकर मिठाईयां व उपहार की दुकानों में लोगों की अधिक भीड़ थी मिठाइयों की जमकर खरीदारी हुई दीपावली के बाद एक बार फिर से दुकानों के बाहर तरह-तरह की मिठाइयां सजी दिखाई दी और उनके खरीदारों का तांता लगा हुआ था भाई दूज के पर्व को लेकर वाहनों में भी खासी भीड़ थी विवाहित बहनों की ओर से भैया दूज का पर्व मनाने के लिए भाइयों के घर जाने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था सड़कों पर खासी भीड़ देखी गई बसों में भी आम दिनों की अपेक्षा यात्रियों की संख्या अधिक थी।

## पुलिस टीम द्वारा ग्राम सालिया घाट में चलित थाना का आयोजन

**भटगांव।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा महोदय, के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल महोदय एवं एसडीओपी श्री विजय ठाकुर बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में आज दिनांक 02.11.2024 को थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुजूर के नेतृत्व में ग्राम सालिया घाट मे चलित थाना का आयोजन किया गया। चलित थाना में बीडीसी, ग्राम सरपंच, पंच, कोटवार,महिला समूह, वरिष्ठ नागरिक, युवा लड़के, बच्चे उपस्थित आये जिन्हें ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर फ्रॉड जागरूकता अभियान के तहत डायल 1930 के उपयोगिता के बारे में समझाया गया,यातायात संबंधित जैसे 01. 18 वर्ष से कम आयु के लड़कों को मोटरसाइकिल नहीं चलाने हिदायत दिया गया। 02. शराब पीकर वाहन न चलाने 03. हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाने 04. अपने आने जाने वाले मार्ग का सही साइड /रॉन्ग साइड का पहचान करना 05. ड्राइवरी लाइसेंस का होना जरूरी इत्यादि के बारे में एवं महिलाओं से

**डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटाशन, शेयर मार्केटिंग,ऑनलाइन ट्रेडिंग कर धोखाधड़ी से बचने के संबंध में दी जानकारी**

संबंधित अपराध की जानकारी दी गई और महिलाओं को अभिव्यक्ति एप्प की जानकारी दी गई जिसमें महिलाएं अपनी गोपनीय शिकायतें पुलिस तक सीधे पहुंचा सकती है, फेसबुक प्राइवेसी सेटिंग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई, पहले ओटीपी पूछ कर ठगी करने की शिकायतें ज्यादा आती थी लेकिन वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटाशन, शेयर मार्केटिंग,ऑनलाइन ट्रेडिंग कर धोखाधड़ी से बचने के संबंध में जानकारी दी गई। चलित थाना में उपस्थित सभी लोगों को गांव मे होने वाली समस्याओं के बारे में पूछा गया,जिसमें जमीन संबंधित वाद विवाद का होना बताएं, बताए हुए समस्या को सुनकर त्वरित निदान संबंधित विभाग से बातचीत कर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया है।



## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर पर कलेक्टर ने की शिरकत

**सारंगढ।** एन. एस. एस. के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस पर कलेक्टर महोदय का आगमन हुआ। उनका स्वागत सुन्दर पुष्पगुच्छ और स्वागत नृत्य के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरास्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर हुआ।उनका स्वागत सुंदर पुष्पगुच्छों एवं स्वागत नृत्य के साथ हुआ। स्वयंसेवकों की सुंदर प्रेरक उद्बोधन एवं स्वागत का उन्होंने आभार व्यक्त किया। उनका उद्बोधन प्रेरणायुक्त था। उन्होंने बताया कि मेरा युवा भारत भारत के लिए इस थीम को उन्होंने विकासशील भारत का एक



प्रमुख कारण कहा , उन्होंने बताया कि युवा ही भविष्य का चिंतन करते हैं, उनमें ऊर्जा भरपूर रूप से संचित रहता है , उन्हें कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए क्योंकि उनमें किसी भी कार्य को करने की क्षमता चरम पर होती है। लक्ष्य पर अपना ध्यान हमेशा रखने के लिए का कहा।उन्होंने कहा कि वे भी एन.एस.एस. के छात्र हुआ करते थे एवं एन. एस. एस. में जुड़ने से छात्रों के व्यक्तित्व विकास एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। एन.एस.एस इकाई सारंगढ़ द्वारा चलाई जा रही विशेष सात दिवसीय शिविर पीपरदा में छात्रों के सेवा कार्य की सराहना की, रा.सो.यो ईकाई द्वारा चलाए जा रही नशा मुक्ति अभियान की प्रशंसा की और शिविर ग्राम पीपरदा में 90 प्रतिशत? नशा मुक्त को शत प्रतिशत करने के लिये आवाह्न किया।प्राचार्य महोदय शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ द्वारा भी स्वयंसेवकों को अपने प्रेरणायुक्त उद्बोधन से प्रेरित करते हुए कहते है कि छात्रों के द्वारा चलाए सात दिवसीय विशेष शिविर से गांववासी भी स्वच्छता के लिए जागरूक हुए है।

उन्होंने बताया कि गांववाले नशामुक्ति के लिए जागरूक है यहां

## माँ जगराता सेवा में पूर्व विधायक चंद्रदेव राय बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

**पवनीं।** विकास खण्ड बिलाईगढ़ के ग्राम पुरगांव में दीपावली के शुभअवसर पर काली माता मूर्ति पूजन में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम माँ जगराता सेवा में चंद्रदेव राय पूर्व संसदीय सचिव व विधायक बिलाईगढ़ बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। वही गांव वालों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री राय ने काली माँ से प्रार्थना किया की आप सभी की मनोकामनायें पूर्ण करे। उक्त कार्यक्रम में हर वर्ष के भाँति तेजस्वी साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष , सुजीत जयसवाल युवा अध्यक्ष विधानसभा बिलाईगढ़ एवं यूथ साथियों के विशेष पहल पर यह कार्यक्रम सफल रहा। इस अवसर पर साहू समाज जिला अध्यक्ष तोष राम साहू, पंकज चंद्रा अध्यक्ष ब्लॉक सरसीवा, संतोष साहू ,परमा नंद साहू ,प्रकाश तिवारी , तिलोकी साहू ,केशव साहू ,अहमद खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल रहें।



## दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की हत्या

**तिल्दा नेवरा।** प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 8 नेवरा के उतारू पर में ग्राम तुलसी नेवरा निवासी ओम प्रकाश रात्रे पिता जति राम रात्रे उम्र 22 वर्ष का अज्ञात लोगों ने चाकू से गोद कर उसकी हत्या कर दी उसके शरीर पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं वहीं शरीर पर कई स्थानों में गहरे जख्म है यह घटना शुक्रवार रात्रि में हुआ था जिसको सवेरे आने जाने वाले लोगों ने देखा और पुलिस को घटना की सूचना दी। तिलदानेवरा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। वहीं रायपुर से फॉरेंसिक टीम एवं क्राइम ब्रांच टीम के सीएपी एव अन्य अधिकारी भी तिल्दा नेवरा पहुंचे मामले की जांच कर रहे हैं। इसी तरह बीते रात्रि में ग्राम सरोरा में ढाबा तालाब के पास एक युवक जिसका नाम मनीष यादव पिता दिलीप यादव उम्र 27 वर्ष का किसी अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी । परिजनों के अनुसार मृतक मनीष यादव रात्रि 8ः00 बजे अपने घर से निकला था इसके पश्चात लगभग रात्रि 10ः00 बजे परिजनों को घटना का खबर लगा । इसके पश्चात उसे मिशन अस्पताल लाया गया। बताया जाता है कि मृतक के कमर के नीचे किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है। नेवरा पुलिस दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है एवं आरोपियों के नजदीक भी पहुंच गई है जल्द ही इन मामलों में खुलासा होने का अनुमान है।

# गरियाबंद में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा

**गरियाबंद।** मंदिरों एवं घर-घर गोवर्धन पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाओं ने गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना की और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को गोवर्धन पूजन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोवंश को रंगों और मोर पंख से श्रृंगारित कर पूजन किया गया। महिलाओं ने अपने घरों के बाहर गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन के चित्र बनाए ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से विशाल गोवर्धन पर्वत को छोटी अंगुली में उठाकर हजारों जीव-जतुंओं और इंसानी जिंदगियों को भगवान इंद्र के कोप से बचाया था. छगन यादव समाज सेवी छगन यादव ने कहा कि गोवर्धन की पूजा इसलिए की जाती है। देवराज इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए श्रीकृष्ण ने इंद्र की पूजा करने की बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। जब इंद्र को इस बात का पता चला तो उन्होंने पूरे गोकुल गांव को नष्ट





**श्रद्धालुओं ने गाय के गोबर से बनाई भगवान गोवर्धन की आकृति, पारंपरिक वेशभूषा में ग्वालों ने किया नृत्य**

करने व कृष्ण को अपनी शक्तियों का परिचय देने के लिए भारी बारिश करा दी। गांव में हाहाकार मच गया था तब इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन अपनी ऊँगली अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए उठाया था, भगवान इंद्रदेव ने भारी वर्षा की, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों की गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर भक्तों को बचाया, आज बहुत ही शुभ दिन है और भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाया था, यह पर्व दीपावली के अगले दिन मनाया जाता है। 56 भोग से हम लोग पूजा करते हैं। भगवान पूरे ब्रह्मांड पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें।

पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर छोटे-छोटे समूह में पूरे विधि-विधान के साथ महिलाओं ने गोवर्धन की सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर परिवार में खुशहाली की कामनाएं कीं। इस दौरान लोगों ने सामूहिक रूप से गोवर्धन की परिक्रमा की। दादा दादी के किस्सो से सुनते आए है और आज तक ये परंपरा चलती आ रही है। प्रहलाद यादव प्रहलाद यादव (गुंचु) ने बताया कि यह पूजन द्वापर युग की घटना से जुड़ा है। जब बृजवासी कृष्ण की पूजा करते थे, तो इंद्र ने कोप किया कि ये बृजवासी कृष्ण की पूजा क्यों करते हैं, मेरी क्यों नहीं करते। जिसके बाद इंद्र ने पूरे बृज में तूफान और बरसात कर दी। जिससे पूरे बृज में पानी ही पानी हो गया और बृजवासी और ब्रजवासियों का पशुधन डूबने लगा। तब ब्रजवासी कृष्ण के पास गए तो कृष्ण ने सभी को गोवर्धन पर्वत के पास ले जाकर अपनी तर्जनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाया और उसके नीचे सभी ब्रजवासियों को ले जाकर बचाया। जिसके बाद से ही सभी बृजवासी गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे और उसके बाद सभी लोग प्रतीक के रूप में गोबर का गोवर्धन बनाकर उसकी विधि-विधान से पूजा करते हैं। शनिवार को गरियाबंद के मंदिरों एवं घर-घर में गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की आकृति बनाकर गोवर्धन पूजा का आयोजन विधि-विधान पूर्वक किया गया।

दीपावली के बाद अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है, लेकिन इस बार दीपावली के अगले दिन अमावस होने के चलते गोवर्धन पूजा नहीं हो सकी और आज शनिवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस त्योहार का भारतीय लोक जीवन में बहुत महत्व है, इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा संबंध दिखाई देता है।

# भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया व दिवाली मिलन

**नवापारा राजिम।** जैन धर्म के 24वें व अंतिम तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी का 2551वाँ मोक्ष कल्याणक महोत्सव नगर में ब?ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में विराजमान आर्यिका श्री स्वाध्यायश्री व चर्याश्री माता जी के ससंघ सान्निध्य में प्रात: काल भगवान महावीर का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन उपरान्त बूरा तथा सूखे फलों से निर्मित सुंदर सुंदर अनेकों निर्वाण लाडू समर्पित किये गए। जैन धर्म के प्रमुख त्यौहारों में सबसे विशेष इस पर्व के साथ ही चातुर्मास निष्ठापन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती हैं। इस महोत्सव के साथ ही वीर निर्वाण संवत 2551 प्रारम्भ हो गया। श्री शान्तिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सदर रोड व श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत कॉलोनी में सैकड़ों लोगों ने निर्वाण लाडू समर्पित किये। इस अवसर पर श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से संचालित गले - मिले हथकरघा केंद्र, कोकड़ी में श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा को भव्य सिंहासन पर विराजमान किया



गया। सिंहासन विराजमान कराने का सौभाग्य श्री तेजकुमार जैन गदिया परिवार को प्राप्त हुआ। प्रतिष्ठाचार्य पं. ऋषभ शास्त्री के सान्निध्य में इस आयोजन में 81 मंत्रोच्चार के माध्यम से विधि-विधान सम्पन्न कराया गया। नगर की जैन समाज में सालों से चली आ रही दिवाली मिलन की परम्परा को इस वर्ष भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के प्रत्येक घर से 1 सदस्य, मंडली में शामिल होकर समाज के प्रत्येक घरों में दीपावली पर्व की शुभकामनायें देने जाते हैं। इस प्रकार नगर में निवासरत दिगंबर जैन समाज के 100 घरों में समाज के कार्यकारिणी प्रमुख से लेकर बच्चे-बड़े, एक साथ, एक दूसरे के घर जाकर बड़ों के आशीर्वाद लेकर तथा अन्य सदस्यों को बधाइयां देकर दिवाली मिलन मनाते हैं। इस वर्ष भी दिवाली मिलन में दिगंबर जैन समाज के किशोर जैन, रमेश पहाड़िया, सुरित जैन, संजय सिंघई, डॉ राजेंद्र गदिया, अशोक गंगवाल, सतीष जैन, अंबर सिंघई, अनिल जैन डब्बू, रवीन्द्र सिंघई, प्रभात जैन, निशांत जैन, डॉ अनुज जैन, अनेकान्त जैन, रवि जैन, स्वप्निल चौधरी,अवि जैन आकाश, अनुभव,अभिजित अंकुर, अरिहंत, उज्ज्वल आलोक, विराट, सुजय आदि सैकड़ों लोगों ने सम्मिलित होकर दिवाली मिलन कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सम्पन्न किया।

# विधायक मां भावना बोहरा के गृह ग्राम रणवीरपुर में सेमरहा के 24 बच्चों ने मनाई दीपावली

## दीपावली के पर्व पर ग्राम रणवीरपुर में आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम, बच्चों में दिखी भारी खुशी






**कवर्धा।** दीपावली के अवसर पर विधायक माँ भावना बोहरा के गृह ग्राम रणवीरपुर में उनके साथ सेमरहा के सभी 24 बच्चों, जिनके अभिभावक के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उनकी शिक्षा, रोजगार एवं विवाह की जिम्मेदारी स्वयं उठाई है उन्होंने पूरे उत्साह के साथ ग्राम रणवीरपुर में दीपावली मनाई और अतिशबाजी देखा। इसके साथ ही उन्होंने भावना बोहरा के साथ भोजन किया एवं दीपावली की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इस वर्ष की दीपावली मेरे लिए बहुत ही खास व भावनाओं से भरा हुआ है। वे सभी बच्चें मेरे परिवार का एक हिस्सा हैं और आज उनके साथ दीपावली मनाकर बहुत ही प्रसन्नता हुई। उनके साथ अतिशबाजी भी की और भोजन कर मैनें व मेरे पूरे परिवार ने उनका मुंह मीठा कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। बच्चों के चेहरों पर आई खुशी देखकर मन को बहुत ही प्रसन्नता हुई कि हमारे इस प्रयास से उन सभी 24 बच्चों के जीवन मे एक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जिन भावनात्मक परिस्थितियों व मानसिकता से वे गुजरें हैं उसे कम करने के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उस दुखद हादसे के बाद उन बच्चों के लिए यह पहली दीपावली थी। ऐसे में कहीं न कहीं वो सभी बच्चे अपने अभिभावकों की कमी को महसूस न करें, इसलिए आज सहपरिवार हमने उनके साथ दीपावली का पर्व मनाया। हमने उन सभी बच्चों के अभिभावक के रूप में उनकी शिक्षा, रोजगार एवं विवाह की जो जिम्मेदारी ली है उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। आगामी समय मे उनके हर सुख-दुख में और त्योहार में उन्हें अपने अभिभावकों की कमी महसूस न हो इसके लिए हम हर संभव प्रयास करते रहेंगे। विदित हो कि इसके पूर्व भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने रक्षाबंधन के अवसर पर बच्चों के साथ मुलकात कर उन्हें मिठाई बांटी। उनके प्रयासों से पहली बार उन सभी बच्चों ने विधानसभा की कार्रवाई देखि और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह जी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर के मॉल में गेम्स खेले, अपने लिए नए कपड़े खरीदें और मन पसंद भोजन किया। अपने जन्मदिन के अवसर पर भी विधायक भावना बोहरा ने उन बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया और बच्चों ने उन्हें तोहफे भी दिए।



# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की सौजन्य भेंट

कवर्धा। दीपावली के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ कबीरधाम की टीम ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान टीम ने उन्हें संगठन की विभिन्न स्काउटिंग गतिविधियों से अवगत कराया और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, जिला उपाध्यक्ष पीयूष ठाकुर, पवन जायसवाल, जिला सचिव नीलम यदु, जिला संगठन आयुक्त अजय चंद्रवंशी, भगवती हठीले एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। उनके साथ राज्य मिडिया प्रभारी पुष्पराज सिंह ठाकुर, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, सीनियर रोवर समीर खान, भोरमदेव ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम के रोवर्स रेंजर्स ने भी विधानसभा अध्यक्ष को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। सभी सदस्यों ने स्काउटिंग गतिविधियों के माध्यम से समाज में हो रहे सकारात्मक योगदान के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे ये गतिविधियां युवाओं को समाजसेवा और राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करती हैं। साथ ही, उन्होंने स्काउट्स के माध्यम से समाज में संस्कार, अनुशासन एवं सेवा भाव के प्रसार में हो रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए स्काउट्स की गतिविधियों को समाज और राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# अब बांधाटोला में भी बनेगा सामुदायिक भवन, राजा साहब खड्गराज सिंह ने दी दान में जमीन



कवर्धा। विकासखण्ड स. लोहारा के प्रथम ग्राम पंचायत, ग्राम बांधाटोला के निवासी ग्रामीणों की मांग पर राजा खड्गराज सिंह ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए जमीन दान की है। इस सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का राजा साहब ने गांव पहुंचकर भूमिपूजन भी किया और नगद एक लाख रुपए की राशि भवन निर्माण के लिए भी दिए। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम बांधाटोला सहसपुर लोहारा नगर पंचायत से लगा हुआ एक ग्राम पंचायत है। ग्राम के पटेल समाज के पास एक भी सामुदायिक भवन ना होने के कारण विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, समाज और ग्रामवासियों की इस समस्या का कोई निराकरण ना होने के कारण गांव के ही कुछ बुजुर्गों ने सामुदायिक भवन के अभाव से होने वाली समस्यों से राजा साहब हो अवगत कराया था। जिसे देखते हुए राजा साहब ने तत्काल वहां जमीन दान कर सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन भी कर दिया और भवन निर्माण के लिए नगद एक लाख रूपए देने की घोषणा भी कर दी। भूमिपूजन में बड़ी सांख्य में उपस्थित पटेल समाज, ग्रामवासियों ने राजा साहब का आभार व्यक्त किया और राजा की जय जैसे नारे भी लगाए। ऐसा पहली बार नही है कि राज परिवार ने जमीन दान में दी है, जनसमस्या के निवारण के लिए सहसपुर लोहारा राज परिवार हमेसा से जमीन दान में देते आए हैं। राजा खड़गराज सिंह द्वारा समाज कल्याण के लिए 20 डिसमिल जमीन आदिवासी समाज को लोहारा में, 20 डिसमिल जमीन बोड़ला में और नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए पटेल समाज के भवन को अतिरिक्त जमीन देकर छोटे भवन को बड़ा बनाने में अपना सहयोग दिया है। एक तरह जहां ग्रामीणों ने राजा साहब को धन्यवाद और आभार व्यक्त कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे राजा साहब ने सभा को संबोधित कर कहा कि आप सब हमारे परिवार हैं, लोहारा में रहने वाले सभी समाज हमारे परिवार हैं और तमाम सहसपुर लोहारा क्षेत्र के वासियों के लिए हमारे राजमहल के दरवाजे हमेशा खुले हैं और खुले रहेंगे। किसी को कोई भी समस्या है वो महल आकर अपनी समस्यों से अवगत करा सकते हैं, जिसका यथोचित निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा।

# दामाखेड़ा में कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब पर हमले की साजिश निंदनीय, दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो: भावना बोहरा



**कवर्धा।** बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में कबीर आश्रम में उपद्रव एवं कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब के पुत्र नवोदित वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने निंदनीय बताया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम में उपद्रव करने वाले एवं उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि दामाखेड़ा में हुई घटना निंदनीय है। कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब जी पर कुछ लोगों द्वारा मामूली बात को लेकर साजिश पूर्वक हमला करना और आश्रम में तोड़ फोड़ करना अत्यंत ही निंदनीय है। जो गुरु आमजनों में शांति का संदेश प्रवाह करते हैं और संत कबीरदास साहेब जी के संदेशों को प्रत्येक समाज तक पहुंचाते हैं उनके ऊपर हमला किया जाना गलत है। उन्होंने आगे कहा कि दामाखे?ा की घटना में जिस प्रकार से उपद्रव करने और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा साजिश रची गई उसे छत्तीसग? सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही की और सुरक्षा तैनात करने के साथ ही 11 से अधिक आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी सर्वधर्म समभाव की भावना से हर समाज व व्यक्ति की सुरक्षा के लिए तत्पर है। सभी समाज की भावनाओं का सम्मान करना ही हमारी प्राथमिकता है और इस घटना में भी जो भी आरोपी हैं उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भावना बोहरा ने कहा कि प्रकाश मुनिनाम साहब व उनके सुपुत्र नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब ने हमेशा ही समाज मे एकता व सद्भावना का संदेश दिया है। महान संत कबीरदास जी के जीवन आदर्श का स्मरण करते हुए अपने संदेशों में आपसी भाईचारे तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोने की बात जन-जन तक पहुंचाई है। ऐसे में एक धर्म गुरु के साथ ऐसी घटना करने वाले व्यक्ति केवल प्रदेश में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहें हैं। अपने निजी लाभ के लिए लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहें। लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार सभी धर्मों के प्रति संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व प्रदेश में अराजकता फैलाने वाले ऐसे व्यक्तियों पर सरकार सख्ती से कार्यवाही करेगी।



# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गन्ना किसानों को दिवाली पर बोनस राशि चेक का किया वितरण

कवर्धा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दीपावली मिलन समारोह के दौरान गन्ना किसानों को बोनस राशि का चेक वितरित किया, जिससे किसानों में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया।

बोनस राशि की यह पहल राज्य सरकार की ओर से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और उनके जीवन में समृद्धि लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गन्ना किसानों ने दीपावली से पहले बोनस राशि मिलने पर छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि बोनस राशि से उनकी दीपावली की खुशियां दोगुनी हो गई हैं, और अपने परिवार के साथ उत्सव को और अधिक उल्लास के साथ मना पाएं है।

उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार हमेशा किसानों के हितों के प्रति सजग और समर्पित है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और उनकी प्रगति से ही हमारा राज्य सशक्त बनेगा।

इस बोनस राशि के माध्यम से हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं और भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

समारोह में गन्ना किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। उपमुख्यमंत्री ने सभी किसानों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ खड़ी है।

# रात में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस, अब रात के तापमान में आएगी गिरावट



बिलासपुर। न्यायधानी में मौसम का मिजाज बदल चुका है। दीपावली के साथ सर्दी में भी दस्तक दे दी है। रात के तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस गिरावट के साथ पर 20 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। सुबह हल्का कोहरा भी नजर आया। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन हो रहा है, जिसके कारण प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है । वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ रहने की सम्भावना है। यानी साफ है कि बिलासपुर संभाग में वर्षा की कोई संभावना फिलहाल नहीं है। मौसम विशेषज्ञ अब्दुल सिराज खान का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से अभी भी पर्याप्त मात्रा में नमी आ रही है। जिस वजह से रात के तापमान में गिरावट आई है वही दिन का तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर है। दिन और रात के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस का अंतर होने से स्वास्थ्य पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। ऐसे में बदलते मौसम में छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। सर्दी का मौसम स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी लाभदायक भी होता है। यही कारण है कि ठंड बढ़ने के साथ खेल मैदाने में खिलाड़ियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। दिवाली के बाद अब लोग टहलने भी निकलने लगे हैं। शनिवार की सुबह कई खेल मैदान में लोग टहलते नजर आए।

**अच्छी लगेगी अब सुबह की धूप:** मौसम विज्ञानों का यह भी कहना है कि आने वाले दिनों में सर्दी और बढ़ेगी। सुबह की धूप अच्छी लगने लगेगी। सूर्य की किरणों से आस की बूंदे चमकने लगेगी। सभी को यह मौसम खूब भाएगा।

**इस सप्ताह शुष्क रह सकता है मौसम:** मौसम को लेकर यह सप्ताह अच्छा रहेगा। मौसम सप्ताभर शुष्क बने रह सकता है। छह नवंबर तक न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना है उसके बाद वृद्धि होगी। अंत में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ उतार चढ़ाव हो सकता है। मौसम विशेषज्ञ अब्दुल सिराज खान की मानें तो हल्की सर्दी का अहसास होने लगा है। यह सिलसिला अभी बने रह सकता है। न्यूनतम तापमान में छह नवंबर तक गिरावट की संभावना है। इसके बाद कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

**इस सप्ताह मौसम:** 04 नवंबर मौसम शुष्क बना रहेगा,खास असर नहीं 05 नवंबर तापमान में हल्की वृद्धि का अनुमान 06 नवंबर रात में ठंडी महसूस होगी,पारा चढ़ेगा 07 नवंबर बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवा आएगी 08 नवंबर आसमान में हल्के बादल नजर आएंगे 09 नवंबर पश्चिमी विभोक्ष के चलते तापमान में वृद्धि।

# दीनबंधु संस्था ने जरूरतमंदों को बांटा राशन




**बिलासपुर.** दीनबंधु सहयोग संस्था बिलासपुर ने जरूरतमंद और गरीबों के साथ दिवाली पर्व मनाया। संस्था ने अटल आवास क्षेत्र चिचिरदा और वृद्ध आश्रम कल्याण कुंज में जनसेवा का कार्य किया। यहां जरूरतमंदों को कंबल, दाल, चावल, तेल, मिठाई, शक्कर, आटा सहित अन्य सामग्री बांटी। इस दौरान आकाश धमेच, दीनदयाल साहू, रूपेश यादव, नितेश कौशिक, मुकेश कौशिक, छबी केंवट आदि मौजूद रहे।

## प्राइवेट विद्यार्थियों हेतु प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 4 नवंबर से प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अनुसुइया अग्रवाल ने जानकारी दी की स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 के तहत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार प्राइवेट विद्यार्थियों हेतु आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय सारणी घोषित कर दी गई है। बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया है, उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में भी समय सारणी एवं पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान कर दी गई है, महाविद्यालय द्वारा घोषित आंतरिक मूल्यांकन समय सारणी के अनुसार बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 4 नवंबर से 9 नवंबर तक, बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 5 नवंबर से 9 नवंबर तक एवं बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 5 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संयोजक डॉ. ई.पी. चेलक एवं सहसंयोजक डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि प्राइवेट विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है, आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइनमेंट के अंक मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक में जोड़े जाएंगे, अतः सभी विद्यार्थी अनिवार्य रूप से आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा दिलाना सुनिश्चित करें।

# बगैर मान्यता प्राप्त किये निजी स्कूल संचालित, 50 हजार रूपये जुर्माना

**महासमुंद।** शिक्षा विभाग से बगैर मान्यता पाये एक निजी स्कूल संचालित किया जा रहा है। जिसकी उच्च स्तर में शिकायत किये जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द ने अतत: स्कूल संचालक को पचास हजार रूपये अर्थदण्ड लगाकर जुर्माना राशि तत्काल जमा करके संचालित इस स्कूल को बंद करने का आदेश जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द द्वारा ए. के. स्मार्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल बिजेमाल को बगैर मान्यता पाये स्कूल संचालित किये जाने का सम्पूर्ण जानकारी रखते हुए भी मौन साधे हुए थें। ऐसा प्रतीत होता था कि इस स्कूल को अवैध संचालित करने में विभागीय संरक्षण प्राप्त था। इसलिए डीईओ महासमुन्द का भी संलिप्तता की शिकायत आरटीआई कार्यकर्ता विनोद कुमार दास ने 19 मार्च 2024 को संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर एवं आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर को साक्ष्य सहित किया। बता दे कि ग्राम बिजेमाल (सांकरा जोंक) में ए. के. स्मार्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल जो अवैध तरीके से संचालित है। उक्त निजी स्कूल को शिक्षा विभाग की ओर से विधिसम्मत स्कूल संचालन करने के लिए अनुमति प्रदाय नही किया गया है। ना इस निजी स्कूल को मान्यता प्राप्त है। लेकिन स्कूल संचालक हरिहर पटेल व कुशल पटेल ने जबरन स्कूल का संचालन कर दिये। आसपास के बच्चो के पालको को बरगला करके अपने इस स्कूल में प्रवेशित करवा कर पढाई करवाना शुरू कर दिया। जो नियम विपरीत है। नि:शुल्क और अनिवार्य बाल


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के धारा 18(5) के अनुसार जिस निजी स्कूल को स्कूल संचालन करने की मान्यता प्राप्त नही है। लेकिन उसके द्वारा स्कूल का संचालन किये जाते है। तो उक्त स्थिति में उसको एक लाख रूपये तक की जुर्माना किये जाने है। इसके बाबजूद वो स्कूल का संचालन करता है, तो प्रतिदिन दस हजार रूपये जुर्माना से दंडित किये जाने है। विदित हो कि श्रीमती मीता मुखर्जी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द ने इस ए.के.स्मार्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल को बगैर मान्यता पाये संचालित होने की जानकारी पाने पर स्कूल को तत्काल बंद कराने का आदेश भी जारी किया था। लेकिन उक्त आदेश का पालन स्कूल संचालक ने नही किया। शिकायतकर्ता विनोद कुमार दास के द्वारा नियमित लिखित शिकायत करने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द को उच्चाधिकारियो के द्वारा कई बार नोटिस जारी किये गये है। इसके बाद ही डीईओ महासमुन्द ने 28 अक्टुबर 2024 को संचालक ए. के. स्मार्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल बिजेमाल के विरूद्ध पचास हजार रूपये का जुर्माना व स्कूल संचालन बंद करने का आदेश जारी किया। पचास हजार रूपये जमा करके स्कूल का संचालन बंद नही करने की स्थिति में प्रतिदिन दो हजार रूपये जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया है।

## दीपावली मिलन समारोह का आयोजन, विधायक डॉ.सम्पत शामिल हुए



**बसना।** नगर के अग्रसेन भवन में शनिवार शाम दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और मिलने जुलने वाले लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए तथा दीपक जलाकर पटाखें फोड़कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने समारोह में मौजूद नागरिकों का अभिवादन किया और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के सुख-समृद्धि और खुशहाल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है, और यह पर्व हमारे जीवन में नई आशा और उन्नति का संचार करता है। हमें यही सिखाता है कि चुनौतियों के बावजूद हम सभी एकजुट होकर आगे बढ़ें।

## अशवंत ने निभाई सोटा प्रहार की परंपरा

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने हर साल की तरह इस साल भी दिवाली के दूसरे दिन सोटा खाने की परंपरा को निभाने अछोली गांव पहुंचे और खुशहाली की कामना के लिए अपने हाथ पर सोटा (चाबुक) भी खाया। अछोली के आयोजित ग्राम वासियों के द्वारा यह परंपरा कई वर्षो से मनाई जाती आ रही है। दीपावली के दूसरे दिन ग्रामीण लोगों के द्वारा गौरी गौरा पूजा की जाती है। जिसमें मुखिया को सोटा खाने का निमंत्रण दिया जाता है। इसमें मान्यता यह है कि सोटा खाने वाला मुखिया या प्रधान गांव और अपने क्षेत्र की खुशहाली की कामना भगवान शिव और माता पार्वती से करता है।



## भाई दूज का पर्व मनाया गया



**महासमुंद ।** ग्राम खरोरा मे भाई दूज के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन के बाद भाई दूज का पर्व मनाया गया। इस के दिन बहनें अपने भाई के तिलक लगाकर पूजा अर्चना किया और उनकी लंबी उम्र सुखी जीवन की कामना करती हैं। इस दिन भाई अपनी बहन के यहां भोजन करते हैं। हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर भाई दूज मनाया जाता है। ग्राम खरोरा मे कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को अन्नकूट उत्सव मनाया गया और इस बार यह शुभ तिथि 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा अर्चना किया गया। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाकर वृक्ष के पत्ते, शाखाएं और पुष्प से शुशोभित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। शाम को उसमें एक दीपक रखकर घर के द्वार पर रखा जाता है इस गोवर्धन पर लोगों ने गोबर के टीका लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## घर के साथ मन की भी सफाई जरूरी

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकार भवन में दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने दीपावली पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा जिस प्रकार अंधकार को मिटाने के लिए रोशनी करना आवश्यक है, उसी प्रकार हमें हमारे जीवन में आध्यात्मिक रोशनी लाने के लिए स्वयं अपनी आत्मा की ज्योति जगाकर स्वयं को जगाना ही पड़ेगा। अर्थात स्वयं की पहचान और परमात्मा की पहचान अत्यंत जरूरी है, जिससे जीवन में नई पहचान, नई ऊर्जा, नई शक्ति, नई सोच उत्पन्न हो। पिता परमात्मा हमें सिखाते हैं कि घर की सफाई के साथ साथ मन की भी सफाई जरूरी है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, भय, नफरत रूपी कचरे को निकाल सुख शांति पवित्रता आनंद प्रेम ज्ञान और शक्ति से अपने जीवन को सजाएं, तब सही मायनों में दिवाली मनाई जाएगी।

## महुआ शराब बरामद

**बसना।** साल्हेझरिया से अखराभांठा टुकड़ा सड़क किनारे पुलिस ने एक युवक से महुआ शराब जब्त की है। बसना पुलिस ने बताया कि अखराभांठा निवासी कमलेश भारद्वाज (26) से 4 लीटर महुआ शराब जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## युवक से मारपीट

**महासमुंद।** चार लोगों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि खट्टी का राहुल जांगड़े 31 अक्टूबर को अपने दोस्त धनंजय मिरी, मनीष चतुर्वेदी के साथ लगभग 10 बजे लीला चौरा के पास गांव में घूमने निकला था। खल्लारी माता मंदिर इमली चौरा के पास पहले से मौजूद गनपत निषाद, मोगली देवांगन, सूरज निषाद और नीलकंठ निषाद ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## पत्नी से मारपीट, जान की धमकी

**महासमुंद।** पत्नी से मारपीट के मामले में पुलिस ने पति के खिलााफ जुर्म दर्ज किया है। तेंदूकोना पुलिस ने बताया कि ग्राम बुंदेली नवाडीह की शांति चौहान 31 अक्टूबर को मोहल्ले में गौरा-गौरी की मूर्ति स्थापना के दौरान पूजा करने गई थी। गौरा-गौरी की पूजा-अर्चना के बाद करीब 12 बजे अपने घर आई। इस पर पति बीरसिंग चौहान ने अभी घर आ रही है कहकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## गोवर्धन पूजा कर गाय को खिलाई गई खिचड़ी

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में शनिवार को गोवर्धन पूजा उत्साह के साथ की गई। सुबह पशु पालकों ने परंपरागत रूप से गौमाताओं को स्नान कराकर गले में मालाएं पहनाकर सिर पर मोरपंख और पैर में घुंघरू बांधकर उन्हें सजाया। महिलाओं ने गोवर्धन पूजा के लिए घरों में गोबर के आकर्षक गोवर्धन बनाए। परिवार के सभी ने गोवर्धन पूजा की। घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए।

## बेलसोंडा ओवरब्रिज का निर्माण तैयारियाँ जोरों पर, अधिकांश किसानों को मुआवजा वितरित

**महासमुंद।** बेलसोंडा में ओवरब्रिज का निर्माण अब जल्द शुरू हो सकता है। जिसके लिए तैयारियाँ जोरों पर है। बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग का दूसरा फाटक खुल गया है। इसके साथ ही अब लोगों को जाम की समस्या से राहत मिली है। बता दें कि जनवरी 2024 में एक अन्य फाटक बनाने की स्वीकृति मिली थी। फाटक 10 माह में तैयार हो गया है और अब आने-जाने के लिए खोल दिया गया है। बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग पर डिवाइडर बन जाने से भी वाहन चालकों को राहत मिली है। यह रेलवे फाटक 24 घंटे में 30 बार से अधिक बार बंद होता है। फाटक खुलने के बाद यहां लंबे जाम के हालात बन जाते थे। नेशनल हाईवे होने के कारण बड़े वाहनों के लिए भी कई बार ट्रैफिक की समस्या पैदा होती थी। अब फाटक में दो लेन होने जाने के बाद दिक्कतें काफी कम हो गई हैं। इधर, बेलसोंडा में ओवरब्रिज का निर्माण शुरू करने की तैयारी है। ब्रिज में जिनकी जमीन आ रही है, उनमें से अधिकतर किसानों को मुआवजा का वितरण कर दिया गया है। 30 फीसदी किसानों को आने वाले दिनों में वितरण किया जाएगा। पहले 13 किसानों को 5.60 करोड़ रुपए मुआवजा वितरण किया गया था। 14 किसानों के लिए 4 करोड़ भुगतान के लिए एनएच ने प्रस्ताव भेजा था। बताया जाता है कि इसकी स्वीकृति भी मिल गई है। वितरण के साथ ही ओवरब्रिज निर्माण प्रारंभ होगा। करीब डेढ़ साल के अंदर ब्रिज बनकर तैयार हो जाएगा। ओवरब्रिज बन जाने से रायपुर रोड से आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछले साल मार्च 2023 को बेलसोंडा में ओवरब्रिज निर्माण के लिए एक 58 करोड़ 66 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। नेशनल हाइवे के स्थानीय अधिकारी ने बताया कि 70 फीसदी मुआवजा का वितरण हो गया है। जल्द ही मुआवजा का वितरण पूरा हो जाएगा। बाद ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।



## दीपोत्सव पर्व मे मां लक्ष्मी व श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की

**महासमुंद।** इस साल अमावस्या तिथि दो दिन होने से दीपावली पर शहर सहित अंचल में दो दिन उत्साह का माहौल रहा। शहर के पंडितों ने 1 नवंबर को लक्ष्मीपूजन की तिथि सार्वजनिक रूप से घोषित की थी। बाद कुछ लोगों ने 31 तो कुछ ने 1 को दीपोत्सव मनाया। लोगों ने जमकर खरीददारी की और मां लक्ष्मी व श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। बता दें कि धनतेरस से शुरू हुआ दीपावली का पर्व आज भाई दूज के साथ समाप्त हो जाएगा। इस बीच धनतेरस को लोगों ने शुभ मुहूर्त में वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, मोबाइल, कपड़े व अन्य आवश्यक सामग्रियों की जमकर खरीदी की। पटाखा सहित मिठाई दुकानों में भी खरीददारों की भीड़ देखी गई। इस साल छोटी-मोटी घटनाओं को छोड़ दें तो जिले में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस बार लोगों ने ग्रीन पटाखों को सर्वाधिक महत्व दिया। दीपावली की पूजा अर्चना के बाद लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर प्रसाद का अदान-प्रदान किया। इधर, दिवाली की रात शहर के विभिन्न मोहल्लों में गौरा-गौरी के विग्रह की पंरपरा अनुसार पूजा की। रात भर महिलाओं ने रातभर गौरा-गौरी चौरा पर पारंपरिक गीत गाकर उनका विवाह संपन्न कराया और शनिवार सुबह धूमधाम से निशान की थाप तथा मोहरी शहनाई की धुन पर नाचते गाते विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शॉट पानी कुशा से निर्मित चाबुक से हाथों की नसों पर वार सहा। इसी तरह आसपास के गांवों में भी पर्व को लेकर उत्साह रहा। मचेवा बस्तीपारा में विराजित गौरी-गौरा की प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन यात्रा निकाली गई। इसी तरह बेमचा, खैरा, खरोरा, परसकोल, बरोंडाबाजार, लभरा, परसवानी, परसदा आदि में भी विसर्जन यात्रा निकालकर तालाबों में विसर्जित की गई।



## मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा वृद्धाश्रम में फल वितरित

**महासमुंद।** शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने दीपावली पर नयापारा स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में बुजुर्गजनों को फल और मिष्ठान वितरण किया। विगत 19 वर्षों से अज्ञात शवों के अंतिम संस्कार के साथ सामाजिक सेवा कार्यों से जुड़े मुक्तिधाम समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, मोहन बावनकर, गोपाल वर्मा, विजय ठाकुर, संजय शर्मा, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गुमानचंद जैन, सुरेश साहू आदि ने बुजुर्गजनों का कुशलक्षेम जाना और फल मिठाई वितरित की। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अधीक्षिका उषा साहू सहित स्टाफ के सभी सदस्य और वृद्धाश्रम के बुजुर्गजन उपस्थित रहे।

## केवि में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय महासमुंद में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सीसीए विभाग द्वारा शिवाजी, टैगोर, अशोक एवम रमन सदन के विद्यार्थियो ने आकर्षक रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया तथा खेल दिवस और विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन भव्य रूप में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह रहे, और अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की वंदना और पूजन से उत्साह और उल्लास से भरा आयोजन प्रारंभ हुआ। जिलाधीश महोदय ने चार सदन के रंगोली का निरीक्षण कर बच्चो ने कार्यो की सराहना की साथ में संजय कंसल प्राचार्य ने बच्चो को प्रेरित कर शुभकामनाएं दी। सीसीए प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्रकार सह प्रभारी भूमिका पराशर एवम दशरथ राम यादव के संयोजन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता तथा विशेष प्रात: कालीन सभा का आयोजन किया गया। घनश्याम साहू ने पटेल जी के जीवन पर प्रकाश डाला सभी स्टॉफ एवम विद्यार्थियो ने एकता शपथ लेकर राष्ट हित में कार्य करने की प्रतिज्ञा करते हुए यूनिटी रन में भाग लिया। एकता दौड़ को संजय कंसल प्राचार्य बेर हरी झंडी दिखा कर बच्चो को प्रोत्साहित किए। विविध कार्यक्रम में अलंकरण एवम खेल कूद कार्यक्रम में स्वागत के लिए प्राथमिक विभाग के छात्रों ने संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन के निर्देशन में मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि माध्यमिक विभाग के छात्रों ने भारत का स्वर्णिम गौरव केन्द्रीय विद्यालय लाएगा गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिए। सभी सदनों के छात्रों ने रंगारंग मार्चपास्ट कर अपनी अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि विनय कुमार लंगेह ने मशाल प्रज्ज्वलित कर खेल दिवस का औपचारिक उद्घाटन किये। विद्यालय के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एस जी एफ आई में चयन प्राप्त किया है। इन छात्रों को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्रों को साइबर क्राइम से बचने के निर्देश दिए और मोबाइल के उचित उपयोग की सलाह दी। उन्होंने युवाओं को मद्यपान और नशापान जैसी कुरीतियों से दूर रहने के लिए जागरूक किया, जो वर्तमान में समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार चंद्राकर, वंदना आचार्य और ओमप्रकाश चंद्राकर ने किया। छात्र संघ प्रभारी भूमिका पराशर और शिक्षक दशरथ राम यादव ने अलंकरण समारोह के दौरान अपने दायित्वों का सराहनीय रूप से निर्वहन किये। रंगोली प्रतियोगिता में वंदिनी जौहरी, निर्मलकर जी एवम डॉली मेम ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी सदनों के प्रभारी और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। नीलमाधव ने एकता शपथ पठन किया, कांता एक्का ने विद्यार्थियो को प्रोत्साहित किए शिवाजी सदन प्रभारी घनश्याम साहू, सलाहकार वंदना आचार्य, और सदस्यों में रवीना मीना, गिरिजाकुमार निर्मलकर शामिल रहे। टैगोर सदन के प्रभारी विवेक शर्मा, सलाहकार सुरेश कुमार सिंह, सदस्य विवेकानंद प्रधान और शिवानी ने भी सहयोग किया। अशोका सदन में प्रभारी तुलसीराम चंद्राकर, सलाहकार लोकेश सिंह साहू और सदस्य आर्यन का योगदान सराहनीय रहा। रमन सदन की प्रभारी मनीषा, सलाहकार रोहिता बंसोड और सदस्य सीमांचल प्रधान ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। खेल प्रभारी सोहनलाल साहू, योग शिक्षिका भारती, हुलसी साहू, भूमिका साहू (नर्स), गजाधर मिश्र, ईश्वर नायक, अभिषेक, और सुश्री डाली के अलावा प्राथमिक विभाग से नीलमाधव सिंह, सूर्य कुमार साहू, धर्मेंद्र कुमार पटेल, प्रवीण कुमार साहू, गुलाब आवडे, प्रताप सोनी, ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिये।




## दीवार पर पानी डाल रहे वृद्ध की करंट से मौत

**बसना।** बसना थाना क्षेत्र के परधिया में निर्माणाधीन पीएम आवास भवन की दीवार पर पाइप से पानी डाल रहे एक वृद्ध का सिर 11 केव्ही विद्युत लाईन से टकरा जाने से मौत हो गई। परिजनों ने मौत के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को जिम्मेदार बताया है। फिलहाल बसना पुलिस परिजनों की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में जुटी है। मृतक के पुत्र देवसिंह पारेश्वर ने बताया कि विद्युत सब स्टेशन के पास उनकी निजी जमीन है जिस पर घर बनाना था। जमीन से होते हुए 11 केवी विद्युत लाइन गई है। जिसे हटाने या ऊपर उठाने विद्युत अधिकारियों से कहा गया था जिस पर अधिकारी, कर्मचारियों ने 11 केव्ही लाईन को ऊंचा करने की बात कही थी। पीएम आवास निर्माण के लिए शासन से दबाव के कारण शीघ्रता से भवन निर्माण कार्य चल रहा था। लेकिन विद्युत विभाग ने लाइन को ऊंचा करने ध्यान नहीं दिया। जब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ठंडा राम पारेश्वर को प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु दूसरी किस्त की राशि प्राप्त हुई, तब विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को 11 केवी विद्युत लाइन को हटाने या ऊपर उठाने पुन: अनुरोध किया गया लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया जिससे ठंडाराम (60) को जान गंवानी पड़ी। उसकी निजी जमीन से गुजरी 11 केवी विद्युत लाइन के नीचे वह प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कर रहा था टॉप लेवल लेंटर करने दीवार खड़ी हो चुकी थी। दीवार की मजबूती के लिए प्रतिदिन की तरह वह दीवार में पानी डाल रहा था दौरान उन्हें याद नहीं रहा कि दीवार ऊपर 11 केवी विद्युत लाइन है ध्यान भटकने से विद्युत लाइन से ठंडा राम और ईश्वर का सिर विद्युत प्रवाह होते हुए लाइन से टकरा गया।

## ग्राम छुईहा में गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाया

**बागबाहरा।** दीपावली की पावन पर्व में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को अन्नकूट उत्सव मनाया गया। इस अन्न कूट गोवर्धन पूजा पर भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा ब्रजवासियों पर रही विशेष कृपा का मुख्य त्योहार मनाया गया। गांव की समस्त छोटे बड़े देवी दवताओं की मंदिरों में विविध प्रकार की खाद्य सामग्रियों से भगवान को भोग लगाया गया। गांव में प्रसाद वितरित किया गया। ग्रामीणों द्वारा अपनी अपनी घरों में गाय-बैल पशुओं को स्नान कराके धूप-चंदन तथा फूल माला पहनाकर उनका पूजन किया गया। तथा गौमाता को मिठाई खिलाकर उसकी आरती की गई। अपनी अपनी कोठार के मुख्य द्वार पर गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर उसके समीप विराजमान कृष्ण के सम्मुख गाय तथा ग्वाल-बालों की रोली, चावल, फूल, जल, मौली, दही तथा तेल का दीपक जलाकर पूजा और परिक्रमा की गई। ग्रामीणों द्वारा इस पर्व को पारंपरिक रूप से मनाते हुए गांव में राउत नाच का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर ग्रामीण जन प्रमुख रूप से प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष यादव समाज, गिरधर यादव, जनकराम यादव, सालिक राम यादव, लालाराम यादव, कांशी राम यादव, मोहन यादव, नंदकुमार यादव, भोजराम यादव, पीताम्बर यादव, शिव कुमार यादव, भनत राम यादव, फगनू राम यादव, डेला राम यादव, भोला राम यादव, ग्राम प्रमुख सेत राम चक्रधारी, रामलाल, कुमार दीवान, आदि बडी संख्या में उपस्थित रहे।



## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को अलका ने दीपावली महापर्व की बधाई दी



**बागबाहरा।** वर्तमान जिला पंचायत सदस्य एवं खल्लारी विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी रही अलका चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव से उनके निज निवास रायपुर में पहुंच कर खल्लारी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ भेंट मुलाकात कर दीपावली महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश चंद्राकर, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाला चद्राकर, संजय मालवीय, नरेंद्र बग्गा, नंदू सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पिटाई के बाद बौखलाए बालक ने की हत्या

## साथ देने वाली बालिका और मामा सहित 5 गिरफ्तार

धमतरी। एक नाबालिग बालक पिटाई खाने के बाद ऐसा बौखलाया कि उसने दो युवकों पर चाकू से वार कर दिया। जिसमें एक की मौत हो गई वहीं दूसरा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना के दौरान नाबालिग बालक का साथ देने वाली नाबालिग बालिका और मामा सहित पांच लोग सलाखों के पीछे पहुंच गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 109(1),103 (1), 3 (5) बीएनएस. 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।



पुलिस एवं प्रत्यक्ष दर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार रात लालबगीचा में गौरा-गौरी विसर्जन के दौरान अपने दोस्तों के साथ घुम रहे नाबालिग बालक को किसी बात को लेकर कुछ युवकों ने जमकर पिटाई की मार खाने के बाद बौखलाएं नाबालिग बालक ने अपने मामा को मोबाईल से घटना की जानकारी दी। इस बीच विसर्जन कर लौट रहे युवराज और नीरज सहित उसके साथियों को कलकत्ता फोटो स्टुडियो पुराना बस स्टैण्ड के पास नाबालिग बालक के मामा बाबर उर्फ लल्ला उर्फ जाबर खान, रमजान उर्फ रमजू उर्फ छोटा बाबर खान, हेंमत उर्फ पन्नू सतनामी तथा एक बालिका उनके साथी से विवाद करने लगे इसी बीच जाबर खान, रमजू उर्फ छोटा बाबर, हेमंत उर्फ पन्नू सतनामी द्वारा युवराज और नीरज की पीटाई इस दौरान उन लोगों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। पिटाई खाने से बौखलाए नाबालिग बालक ने चाकू निकालकर युवराज और नीरज पर वार कर दिया। चाकू के वार से युवराज के सीने और नीरज के पेट, कंघा एवं कमर से रक्त बहने लगा और दोनों वहीं गिर गये उन्हें ईलाज के लिये जिला अस्पताल धमतरी ले जाया गया जहाँ हालत की गंभीरता को देखते हुए उन्हें क्रिश्चियन अस्पताल बठेना में रिफर किया गया। ईलाज दौरान युवराज नाग की मौत हो गई। नीरज नाग गंभीर अवस्था में रायपुर रिफर किया गया। घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस, अर्जुनी पुलिस और सायबर की टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए एक नाबालिग बालक व एक नाबालिग बालिका सहित बाबर खान उर्फ लल्ला उर्फ जाबर, रमजान उर्फ रमजू उर्फ छोटा बाबर, पन्नु उर्फ हेंमत चेलक पांच लोगों को गिरफ्तार कर दफा 109 (1), 103 (1), 3 (5) बीएनएस., 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। नाबालिग बालक और बालिका को बाल कल्याण समिति में पेश किया जाएगा।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटीकोतवाली, थाना प्रभारी अर्जुनी, थाना प्रभारी रूद्री, सायबर सहित थाना स्टॉफ शामिल रहा।

# नगरी ब्लॉक के सहकारी कर्मचारी आज से हड़ताल पर राशन दुकान, ऋण वितरण होगा प्रभावित



धमतरी। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी कर्मचारी संघ रायपुर के आहवान पर तीन सुत्रीय मांगो को लेकर नगरी ब्लॉक के सहकारी कर्मचारी भी आज से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जायेगे जिससे सहकारी समितियों द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकानें, रबी फसल दलहन तिलहन ऋण वितरण, समर्थन मूल्य की धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होगाण्हडताल मे शामिल होने के लिये ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों का बैठक भी 1 नवंबर को हुआ था जिससे अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने के विषयों सहित अंन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कि गई। इस दौरान सहकारी कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष उमाशंकर ध्रुव, उपाध्यक्ष भानेन्द्र साहू, बाबूलाल नेताम, विक्रम सिंहए,सचिव यशु सोनी, सह सचिव किशोर मरकाम, कोषाध्यक्ष, जीवन साहु, संरक्षक, वासुदेव साहू, राजेश यदु, झुम्मन मंडावी, सुरेश निषाद, धर्मेन्द सिह ठाकुर, कमलनारायण साहू सहित नंद कुमार नेताम, असलम खान, डिकेश साहू, कमल सहित सहकारी समितियों के कर्मचारयों की उपस्थिति मे हड़ताल सहित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई।

# अंवरी में धूमधाम से मनायी गयी दीपावली



## आदिवासी समाज द्वारा हुआ आदिवासी संस्कृति का विविध कार्यक्रम

**धमतरी।** शनिवार को साल के सबसे बड़े पर्व दीपावली का उत्साह ग्राम अंवरी में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंवरी सहित अंचल में रोशनी के इस पर्व के प्रति हर वर्ग ने दियों की जगमग रोशनी और फटाखो की गूंज से इस महाउत्सव की खुशियो से सराबोर नजर आए।

सुबह से ही घरों व विभिन्न प्रतिष्ठानो में उत्साह चरम पर था।मनभावन रंगोली और साफ सफाई से घर-आंगन में रौनकता रही।शाम होते ही जगमग दियों की रोशनी से मनमोहकता बढ़ने लगी। वहीं शुभमुहूर्त में धन की देवी महालक्ष्मी की पूजा अर्चना आरती करते हुए जींवन की खुशहाली के साथ धन के भंडार के सदा भरे रहने की मंगलकामना की गई। इसी तरह रात्रि में ही विभिन्न गौरा चौक में पारंपरिक गौरी-गौरा के गीतों की गूंज व गाजे-बाजे की आवाज से सराबोर होते हुए पर्व की भव्यता में चार चांद लग गया।विधिवत रूप से गौरी-गौरा की स्थापना की गई, साथ ही आदिवासी समाज द्वारा आदिवासी संस्कृति का विविध कार्यक्रम हुआ जिसमें आखाड़ा दल द्वारा अखाड़ा का कार्यक्रम, कर्मा नृत्य की प्रस्तुति, सुवा नृत्य की प्रस्तुति, गोड़ समाज की युवक युवती के द्वारा गोंडी संस्कृति पर आधारित रेलापाता, सुवा नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं लोगों ने एक-दूसरे से मेल-मुलाकात कर आपसी भाईचारे व प्रेम सद्भाव के साथ इस त्यौहार को मनाया गया।

पारंपरिक मान्यताओं के आधार पर रोशनी का पर्व दीपावली सनातन धर्म का प्राचीन पर्व माना गया है। यह प्रतिवर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। इस पर्व के साथ अनेक धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। यह पर्व श्रीराम जी के लंकापति रावण पर विजय हासिल करके और चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज प्रमुख कुलंजन सिंह ठाकुर, चिंता राम मरकाम, गणेश ध्रुव, बाला राम ध्रुव, मंच संचालक फलेन्द्र ध्रुव, खूबलाल ध्रुव, बंटी मंडावी, रवि मंडावी, पीयूष ध्रुव, विक्की, रतन, बाल गोविन्द, खिलेश, नोहर, अजय आदि का योगदान रहा।

इसी तरह नगर पंचायत भखारा में दीपो का त्योहार दीपावली को धूमधाम से मनाया गयाए दिवाली की खुशियां मनाने के लिए लोगों ने पटाखे फोड़े। पूजा अशोक बोथरा ने कहा इस बार दीपावली दो दिन की होने के कारण त्यौहार का अलग ही महत्व था।

## कोलियारी में दिवाली के अवसर पर सुआ नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

धमतरी। प्रदेश व देश के सबसे बड़े त्योहार दीपावली के शुभ अवसर पर मां वैभव लक्ष्मी संगठन के युवाओं के द्वारा माता लक्ष्मी जी की स्थापना धनतेरस के दिन की गई और नरक चौदस के दिन सार्वजनिक मंच पर छत्तीशगढ़ी परंपरा के चिन्हारी सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से गोविंद साहू सभापति जिला पंचायत, परमेश्वरी महेंद्र साहूसभापति जनपद कुरूद, कुरूद रहे कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ हुआ श्री साहू ने कहा यह त्योहार वर्षो से चले आ रही परंपरा का घोतक है कि हम अपने धार्मिक, पारंपरिक, सांस्कृतिक मान्यताओं को मानते हुए यह त्योहार मना रहे हैं भगवान राम के अयोध्या आने के खुशी से सुसज्जित दीपोत्सव का पर्व आपस में समरसता, भाई चारा, सौहाद्र के भाव इस त्योहार में प्रमुख है और सुआ नृत्य के माध्यम से यह त्योहार का उत्साह और दोगुना हो जाता है नन्ही बालिकाएं, माताएं सब जुल मिलकर गौरा-गौरी पूजन एवम विभिन्न पौराणिक कथाओं के माध्यम से घर-घर बधाई संदेश आशीष देने पहुंचती है और यह आयोजन कर युवा साथियों ने इसे एक मंच प्रदान कर समस्त ग्रामवासियों को एक जगह एकत्रित कर हमारी संस्कृति की खूबसूरती को और बड़ा कर दिया, परमेश्वरी महेंद्र साहू ने भी समस्त जनों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर सबको प्रेम मोहब्बत के साथ रहने की अपील की इस



प्रतियोगिता में प्रथम लोकमाला, भखारा, द्वितीय कामिनी ग्रुप थुहा, तृतीय मोर नन पन के संगवारी कोलयारी, चतुर्थ हिमानी ग्ररुप कोलियारी, पंचम पी एच एम ग्रुप सकरी रही। इस अवसर पर डी आर सोन, बिसौहा राम साहू, डॉ. गैंदलाल साहू, रघुनंदन साहू, दरबारी साहू, इंद्रजीत साहू, कुलेश्वर साहू समिति के सदस्य रतन साहू, गिरधर, गुलशन, सूर्या, सत्या, पप्पू, दीपांशु परमेश्वर, रवि, राकेश, तमेंद्र, पमेंद्र सहित सभी सदस्य गण ग्रामीण जन उपस्थित रहे मंच संचालन डॉ. राजू साहू ने की।

## घुटकेल में गौरा-गौरी एवं गोवर्धन पूजा धुमधाम से मनाया गया



**धमतरी।** जिला मुख्यालय से 110 किमी दूर अंतिम छोर पर बसा ग्राम घुटकेल जो कि उड़िसा एवं बस्तर की सीमा से लगा हुआ है। यहाँ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली का त्यौहार बड़े ही धुमधाम से मनाया गया। दीपोत्सव का यह पर्व ईशर गौरा-गौरी के पुजन के साथ ही प्रारंभ हो जाता है। अत: दीपावली को ईशर गौरा-गौरी महापर्व के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन पूरे गाँव में आदिवासी श्री ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, इसमें नन्ही-नन्ही बालिकाओं ने भी भाग लिया। कलश यात्रा एवं देवताओं द्वारा गौरा-गौरी का स्वागत करने के पश्चात पूजन प्रारंभ कर त्यौहार मनाया गया, एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। दूसरे दिन सुवा नृत्य एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन था जिसमें क्रमश: प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गोवर्धन पूजा में राऊत नाचा हुआ एवं गोवंश को खिचड़ी खिलाई गई। जिसमें ग्राम के समस्त सियान, पदाधिकारी एवं जनमानस उपस्थित थे।

## श्री जगन्नाथ मंदिर में अन्नकूट प्रसाद ग्रहण करने लगा भक्तों का तांता

**धमतरी।** जगदीश मंदिर ट्रस्ट द्वारा 101 वर्ष से चल रही रही गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट खिचड़ी प्रसाद वितरण करने की परंपरा को नए स्वरूप में आगे बढ़ाते हुए 102वें वर्ष में 651 किलो विभिन्न खाद्य पदार्थों से निर्मित खिचड़ी प्रसाद का वितरण पूरे पूजा पाठ अनुष्ठान के साथ दोपहर 12 बजे जब प्रारंभ हुआ तो उसे ग्रहण करने के लिए भक्तों का तांता लगा गया। इस वर्ष पूर्व की तरह टिफिन व्यवस्था को विस्तार देते हुए मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इस हेतु विभिन्न समिति बनाई गई थी सभी ने उमंग एवं उत्साह भक्ति भाव के साथ उक्त आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, सचिव प्रकाश गांधी, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सहसचिव भोहन अग्रवाल, ट्रस्टीगण श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, लक्ष्मीचंद बाहेती, सीए अजय अग्रवाल, गोपाल प्रसाद शर्मा, मदन मोहन खण्डेलवाल, विपिन पटेल, हरषद मेहता, बिहारी लाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेशलाट, बालकृष्ण शर्मा, भरत सोनी, अनिल मित्तल, विशेष आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, रवि अग्रवाल, भक्तगण प्रसादी वितरण में संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, प्रमोद अग्रवाल, प्रीतेश गांधी, विवेक पटेल, पंकज महावर, राहुल महावर, निर्भय महावर, अजीत (राज) खंडेलवाल, प्रभाष अग्रवाल, राजेश शर्मा, अरविन्द गांधी, जयेश मेहता, अनुराग महावर, मयुर राठौर, सिद्धार्थ लाठ, जतीन सोनी, प्रियंक गांधी, महेन्द्र पंडित, हर्ष अग्रवाल, गौरव मित्तल, गौरव शर्मा, विकास अग्रवाल, विवेक गोयल, जितेन्द्र शर्मा, भरत भानुशाली प्रियेश अग्रवाल, कल्पेश मेहता, राकेश अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, संदेश राठी, मंथन भानूशाली, हर्षीत गांधी, विजीत लाठ, प्रणय महावर, राज रोहरा, रवि पंजवानी, धर्मेन्द्र गांधी, गोवर्धन सोनी, निशित पटेल, अंकित अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा पार्षद, तरुण अंबानी, अंशुल महावर, प्रजय महावर, रवि शर्मा, सूरज शर्मा, अनंत शाह, सुबोध ठाकुर, कुलेश सोनी, गोलू ठाकुर, अभिषेक अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, अतिन गुप्ता, योगेश गांधी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।उक्त जानकारी प्रकाश गांधी सचिव श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट धमतरी ने दी।

# अंवरी अंचल के गाँवो में मातर तिहार की रही धूम


**धमतरी।** दिवाली त्योहार खत्म होने के बाद अंवरी अंचल के गांवों में भाईदूज के दिन मातर तिहार की धूम रहीद्य ग्रामीण परंपरा, सामाजिक ताना बाना और रहन सहन से जुड़े इस पर्व को लोगों ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान गांव के युवाओं की टीम ने एक से बढ़ कर एक करतब दिखाए शहर में आज लोग बदलते दौर के साथ पुरानी परंपरा को भूलते जा रहे हैं, लेकिन गांव की परम्परा दस्तूर जारी है। दीवाली खत्म होने के बाद अंवरी अंचल के गाँव भैसबोड़, सेमरा, सुपेला, सिलतरा, जोरातराई, पुरेना, कोलियारी, भेड़सर, सिंगदेही, सिर्वे, भखारा, भठेली, कोसमर्रा, नवागाँव, बंगोली, बंजारी, बगौद, कुर्रा आदि गांवों में मातर तिहार धूमधाम से मनाया गया। ये ग्रामीण क्षेत्रों का प्रमुख पर्व होता है। इसमे खास तौर पर ग्राम देवता, गोधन की पूजा होती है, करतब दिखाए जाते है और पूरा



गांव उत्सव मनाता है।

दीपावली का पर्व सारे देश में धूमधाम से मनाया जााता है। लेकिन छत्तीसगढ़िया ग्रामीण परिवेश में इस पर्व का अलग स्वरूप देखने को मिलता है। मातर तिहार में ही दीवाली उत्सव चरम पर रहता है। ये पर्व ग्रामीण परंपरा, सामाजिक ताना





बाना और रहन सहन से जुड़ा हुआ है। इसमें ग्राम देवता की पूजा होती हैद्य साथ ही गोधन की भी पूजा होती है। इस दिन पूरा गांव एक साथ गौठान पर इकट्ठा होता है। जहाँ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है।

अंवरी में मातर अनूठे तरीके से मनाया गयाद्य गांव के युवाओं की टीम ने एक से बढ़ कर एक करतब दिखाए। कोई साइकल को दांतों से उठा कर घुमाता दिखा। कोई पानी से भरे गुंडी को दांतों से उठा कर सीढ़ी





पर चढ़ गया। कोई कील के ऊपर सो कर अपने ऊपर अपने साथी को चढ़ा कर करतब दिखाता रहा। अनोखे साहसिक करतब देख कर लोग हैरान होते रहे। ग्राम अंवरी में गोवर्धन पूजा एवं मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यादव समाज द्वारा अंवरी के गौशाला चौक में पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए पुरे विधि-विधान से पूजा अर्चना किया गया।

इस अवसर पर यादव समाज के भाइयों द्वारा कुछ छत्तीसगढ़ी दोहा बोलते हुए राउत नाचा किया गया और परम्परा निभाया गया और साथ में कलश यात्रा भी निकाला गया जिसमें पूरे गांव का भ्रमण किया गया। साथ ही अंवरी अखाड़ा समिति के भाइयो द्वारा अपने अखाड़े का करतब लोगों के सामने प्रस्तुत किया।

यादव समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम जैसे बालिकाओं के द्वारा सुवा नित्य, रिकॉर्डिंग डांस आदि किया गया जो कि लोगों के मनमोहक हुए। कार्यक्रम में लेख राम साहू, बालाराम ध्रुव, कुलजंन सिंह ठाकुर, यादव समाज के लोग पवन यादव, मूलचंद यादव, सालिक यादव, कुमान यादव, जगत यादव, कलीराम यादव, हिरऊ यादव, प्रेम लाल यादव एवं बड़ी संख्या ग्रामीण जन उपस्थित रहकर मातर महोत्सव का आनंद लिया।

## निधन / शंकर लाल साहू



**धमतरी।** ग्राम पंचायत पेंडरवानी निवासी रामायणी शंकरलाल साहू 88 वर्ष का तीन नवंबर को निधन हो गया। वे गैंदलाल साहू, ताम्रध्वज साहू के पिता, कामदेव साहू के नाना व लोकेंद्र साहू, दीपक साहू, देवेंद्र साहू के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार आज सुबह 10 बजे गांव के श्मशानघाट में किया जाएगा।



छत्तीसगढ़
# राज्योत्सव
## 2024
**दिनांक 04 से 06 नवम्बर**



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

**श्री विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस "राज्योत्सव"

**उद्घाटन कार्यक्रम**

04 नवम्बर, 2024
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर

मुख्य अतिथि
**डॉ. मोहन यादव**
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश





अध्यक्ष
**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
**डॉ. रमन सिंह**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि

**श्री अरूण साव**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़





श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक





एवं
समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं...**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

संवाद- 42009/132

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

आर.एन.आई.रजि. क्र. CHHHIN/2021/80529, स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक- शशांक शर्मा द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि., प्रेस कॉम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) 492001 से मुद्रित एवं 29/1110, सेवती स्मृति, आजाद चौक, रायपुर ( छ.ग. ) 492001 से प्रकाशित। संपादक-शशांक शर्मा, मो. 94255-20531.